आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-286 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

मालवाहक ने ली युवक की जान

कांकेर,15 जनवरी। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को मालवाहक ने अपनी चपेट में ले लिया है। यह घटना चारामा के समीप ग्राम रतेसरा की है। जहां पर सड़क हादसे में एक युवक दिनेश सलाम की मौत हो गई है। वहीं दुसरे युवक बलराम कुंजाम को सिर व पैर में गंभीर चोटें आई है। जिसे पुलिस वाहन में चारामा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया है । दुर्घटना में घायल हुए युवक को नगर के अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अच्छे ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है । सड़क दुर्घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

स्कूल बस और मोटर साइकिल में टक्कर,एक मृत

तिल्दा नेवरा,15 जनवरी। खरोरा तिल्दा मार्ग पर सुबह गिड़लानी पेट्रोल पंप के पास जेबी स्कूल की बस बच्चो को स्कूल छोड़कर वापस आ रही थी की अचानक मोटर सायकल से जबरदस्त भिड़ंत हो गयी थी। मोटर सायकल में दो लोग सवार थे। तत्काल पुलिस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।डाकटरों ने ईश्वर साहू ग्राम खपरी कला निवासी को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे घायल की पहचान नहीं हो पाई है उसे गंभीर अवस्था में मेकाहारा भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कुसुम प्लांट हादसे की जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित

मुंगेली,15 जनवरी। मुंगेली जिले के सरगांव स्थित रामबोड़ के कुसुम स्टील प्लांट में हुए हादसे की जांच में तेजी लाने के लिए एक 6 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टीम का नेतृत्व डीएसपी नवनीत पाटिल करेंगे, जबकि टीआई संतोष शर्मा को जांच टीम का प्रभारी बनाया गया है। टीम को जांच को 15 दिनों के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। हादसे के दौरान कुसुम स्मेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड पॉवर प्लांट में साइलो टैंक के नीचे दबने से 4 मजदूर घायल हो गए थे। इनमें से एक मजदूर, मनोज कुमार धृतलहरे का इलाज के दौरान बिलासपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। अन्य तीन शवों की पहचान इंजीनियर जयंत साहू और मजदूर अवधेश कश्यप तथा प्रकाश यादव के रूप में हुई है, जिनकी मृत्यु मलबे में दबने से हुई।

नरेंद्र मोदी की चली गई सत्ता...मेटा ने मांगी माफी

नई दिल्ली,15 जनवरी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की हार वाली मार्क जकरबर्ग की पोस्ट पर मेटा ने माफी मांग ली है। मेटा फेसबुक पर मालिकाना हक रखने वाली कंपनी है, जिसके मुखिया और संस्थापक जकरबर्ग हैं। जकरबर्ग ने एक पोस्ट में गलती करते हुए लिखा था कि कोरोना काल के बाद हुए चुनाव में भारत समेत दुनिया के ज्यादातर देशों में सरकारें सत्ता से चली गईं। उनकी इस पोस्ट में गलती थी क्योंकि भारत में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बने हैं और भाजपा ने अकेले ही 240 लोकसभा सीटें हासिल की हैं। उनकी इस पोस्ट पर ऐतराज जाहिर किया गया था।

समंदर में उतरे भारत के तीन योद्धा

भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है : मोदी

नई दिल्ली,15 जनवरी। भारतीय रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तीन अग्रणी नौसैनिक लड़ाकू विमानों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इन नौसैनिक जहाजों को भारतीय नौसेना में शामिल किया। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी के दिन को आर्मी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। प्रधान मंत्री ने कहा कि आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप

में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, भारत विकासवाद की भावना से काम करता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, गहरा समुद्र हो या फिर असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में उभरा है। पिछले कुछ महीनों में, हमारी नौसेना ने हजारों लोगों की जान बचाई है और लाखों रुपये के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है। इससे दुनिया भर में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल अनेक बड़े निर्णयों के साथ शुरू हुआ है। तेज गति से हमने नई नीतियां बनाई हैं, देश की जरूरतों को देखते हुए हमने नए कार्य शुरू किए हैं, देश के हर कोने, हर सेक्टर का विकास हो, इस लक्ष्य के साथ हम चल रहे हैं।

कोटला-9 होगा कांग्रेस मुख्यालय का नया पता

नई दिल्ली,15 जनवरी। इंदिरा गांधी भवन 9, कोटला रोड, नई दिल्ली यह कांग्रेस पार्टी का नया पता है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बुधवार को इसका उद्घाटन किया। करीब 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला है। इससे पहले पुराना ऑफिस 24, अकबर रोड था। नए ऑफिस की आधारशिला 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने रखी थी। यह भाजपा मुख्यालय से 500 मीटर दूर है। इसे बनने में 252 करोड़ रुपए लगे। भाजपा दफ्तर डेढ़ साल में बना था। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने 2019 में कहा था- भाजपा मुख्यालय 700 करोड़ में बना है। भाजपा देशभर में 768 ऑफिस बना रही है। इनमें से 563 ऑफिस बनकर तैयार हैं, जबकि 96 पर काम चल रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले साल अगस्त में इसकी जानकारी दी थी। जब यही सवाल हमने कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर अमरीश रंजन से की तो उन्होंने बताया- दिल्ली के अलावा, हर राज्य और जिले में पार्टी दफ्तर हैं। कुछ ब्लॉक ऑफिस भी हैं। लेकिन उन्हें नंबर नहीं पता।कांग्रेस के नए ऑफिस का मेन एंट्रेंस सामने नहीं, बल्कि पीछे के दरवाजे से है। इसकी वजह भाजपा है। दरअसल, ऑफिस का फ्रंट एंट्रेंस दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है। ऐसे में एड्रेस पर यह नाम आता, इसलिए पार्टी ने फ्रंट एंट्रेंस के बजाय बैकडोर एंट्री यानी पिछले दरवाजे से एंट्रेंस चुना, जो कोटला रोड पर खुलता है। 70 के दशक में कांग्रेस का ऑफिस डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड पर था। इसका एड्रेस 3, रायसीना रोड था। इसके ठीक सामने 6, रायसीना रोड पर अटल बिहारी वाजपेयी रहा करते थे, इसलिए कांग्रेस ने यहां भी बैकडोर एंट्री चुनी थी। 1978 में कांग्रेस में टूट के बाद ऑफिस पार्टी सांसद जी वेंकटस्वामी को अलॉट बंगले 24, अकबर रोड में शिफ्ट किया गया था। तब से अब तक यह कांग्रेस मुख्यालय का पता रहा।

ओबीसी आरक्षण में कटौती का विरोध, कांग्रेस ने दिया धरना

रायपुर,15 जनवरी। सुभाष चौक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण में कटौती के विरोध में एक प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में भी हो रहा है, जहां कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता अपनी आवाज उठा रहे हैं। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे समेत बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हैं। उनका आरोप है कि ओबीसी आरक्षण में कटौती से समाज के कमजोर वर्गों का हक मारा जा रहा है, और इसे लेकर कांग्रेस पार्टी राज्य सरकार के खिलाफआंदोलन कर रही है। इस प्रदर्शन का उद्देश्य ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा करना और सरकार से इस कटौती को वापस लेने की मांग करना है। प्रदर्शनकारी इस मुद्दे पर सरकार को दबाव बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर इकट्ठा हो रहे हैं।

कोलकाता में 60 डिग्री तक झुकी बिल्डिंग

कोलकाता ,15 जनवरी। बाघाजतिन विद्यासागर इलाके में एक नवनिर्मित इमारत में अचानक झुक गया, जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई. यह घटना ग्राउंड फ्लोर के बेस के ढह जाने के कारण हुई, जिसके बाद इमारत का संतुलन बिगड़ गया और वह 60 डिग्री तक झुक गई. हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और ना ही कोई व्यक्ति मलबे में फंसा.घटना के बाद स्थानीय लोग और आसपास के इलाकों के निवासी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए. तस्वीरों में मलबा और गिरा हुआ बेस साफ तौर पर देखा जा सकता है, जो घटिया निर्माण सामग्री की ओर इशारा करता है. ग्राउंड फ्लोर के बेस का ढहना यह साबित करता है कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं. कई विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इमारत को ठीक नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था. स्थानीय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, आपदा प्रबंधन समूह (डीएमजी) के सदस्य और अग्निशमन अधिकारी को मौके पर भेजा है. इन अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किया और जल्द ही इमारत को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है.बिल्डिंग में कई लोग रहते थे, लेकिन इस दुर्घटना के दौरान कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ. अधिकारियों ने बताया कि इमारत को ढहने से पहले खाली कर दिया गया था.

मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने गए एक ही परिवार के चार लोगों की कमरे में मिली लाश

जयपुर,15 जनवरी। राजस्थान के करौली जिले के मेहंदीपुर बालाजी से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है. यहां के रामा कृष्णा आश्रम में एक ही परिवार के चार लोगों के शव मिले हैं, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है. यह घटना 12 जनवरी की है, जब एक परिवार देहरादून से मेहंदीपुर बालाजी आकर इस आश्रम में रुका था. परिवार में माता-पिता, भाई और बहन शामिल थे. इस घटना के बाद टोडाभीम पुलिस को सूचना दी गई, और पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद शवों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की. मृतकों के आधार कार्ड के जरिए उनकी पहचान की गई. मृतकों के नाम सुरेंद्र कुमार उपाध्याय (60),

कमलेश (55), नितिन (32) और नीलम (25) बताए गए हैं. पुलिस ने बताया कि यह परिवार 12 जनवरी को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचा था, और घटना के समय दो लोग बेड पर लेटे हुए थे जबकि बाकी दो नीचे लेटे हुए थे. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मेंहदीपुर बालाजी की रामकृष्ण धर्मशाला के कमरा नंबर 119 में सफाई करने पहुंचे कर्मचारी ने देखा कि दो लोग बेड पर अचेत अवस्था में और दो जमीन पर पड़े थे. पुलिस और चिकित्सकों ने मौके पर पहुंचकर सभी को मृत घोषित किया. कुछ के मुंह से झाग निकल रहे थे, जिससे पुलिस सामूहिक आत्महत्या की संभावना जता रही है. नितिन उपाध्याय ऑर्डिनेंस फैक्टरी में कर्मचारी थे और उनका कमरा नितिन के नाम पर बुक था. यह घटना मेहंदीपुर बालाजी के प्रमुख आस्थाधाम क्षेत्र की है, जो समाधि वाली गली में स्थित राधा कृष्णा आश्रम के रूम नंबर 119 में हुई. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है और देहरादून में मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है. इस घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है और अब पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है.

मुख्यमंत्री ने शशिमोहन को स्टार लगाकर दी बधाई

जशपुर 15 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर के पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को बगिया स्थित मुख्यमंत्री निवास कैम्प कार्यालय में स्टार लगाकर बधाई दी इस अवसर पर सरगुजा रेंज के आयुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा एवं पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग भी स्टार सेरेमनी में शामिल हुए. इस दौरान जशपुर के कलेक्टर भी मौके पर उपस्थित थे छत्तीसगढ़ शासन ने इसी सप्ताह जशपुर के पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति किया है ।

भाजपा-कांग्रेस में जमकर चले लात-घूंसे

भाटापारा 15 जनवरी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं आपस में भिड़ गये। हंगामा इतना मचा की पुलिस की मौजूदगी में ही भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मारपीट शुरू हो गयी। पुलिस ने किसी तरह से दोनों पक्ष को शांत किया। दरअसल नगर पालिका भाटापारा में लोकार्पण कार्यक्रम आज होना है। इसमें कांग्रेस नेताओं व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ता एक दूसरे के आमने सामने हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। विवाद बढ़ता चला गया, जिसके बाद भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता एक दूसरे पर लात घूंसे बरसाने लगे। पुलिस ने दोनों पक्ष को किसी तरह से अलग किया। जानकारी के

मुताबिक नगर पालिका भाटापारा में करोड़ो के वाहन व जेसीबी वाहन का लोकार्पण किया जाना है। इस कार्यक्रम में लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक ,अध्यक्ष व पार्षदों को आमंत्रित नहीं किया गया है। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। विवाद गहराता देख तुरंत मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और समझाने बुझाने का प्रयास किया। मौके पर ही एएसपी और डीएसपी के साथ पुलिस बल मौजूद है। कार्यक्रम के मुताबिक प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के द्वारा लोकार्पण किया जाना है, जिससे कांग्रेस नाराज है।

एसपी के बंगले में घुस गया तेंदुआ,हड़कंप

गरियाबंद 15 जनवरी। गरियाबंद एसपी के सरकारी बंगले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहां रात के वक्त अचानक तेंदुआ घुस गया। बताया जा रहा है कि एसपी निखिल कुमार राखेचा के सरकारी बंगला के कम्पाउंड में रात के वक्त एक तेंदुआ घुस गया। तेंदुए के घुसने की खबर से बंगले में तैनात जवानों के बीच हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग को दी गयी। लेकिन वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही तेंदुआ दीवार फांदकर जंगल की तरफ भाग निकला। जानकारी के मुताबिक पूरा घटनाक्रम मंगलवा रात का है। बताया जा रहा है कि गरियाबंद एसपी के बंगले में पुलिस लाइन कॉलोनी के फेस वन मुख्य द्वार की तरफ से तेंदुआ अंदर प्रवेश कर गया। वहीं जब इस बात की जानकारी वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को लगी तब उन्होंने इस बात की जानकारी वन विभाग को तत्काल

दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही तेंदुआ वहां से भाग निकला। बताया जा रहा है कि जिस वक्त तेंदुआ एसपी के सरकारी बंगला में घुसा, उस वक्त एसपी निखिल कुमार राखेचा घर पर ही मौजूद थे।

अमृत मिशन के कार्यों का अरुण साव ने किया निरीक्षण

रायपुर,15 जनवरी। मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत माना नगर पंचायत में निर्माणाधीन जल प्रदाय योजना के काम में अब तेजी आएगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फील्ड पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल योजना के काम में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रायपुर नगर निगम और माना नगर पंचायत के बीच पेयजल आपूर्ति में समन्वय के लिए रायपुर नगर निगम के आयुक्त को माना नगर पंचायत में पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक मोतीलाल साहू, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ.

बसवराजु एस, रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी कार्यों के निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज माना नगर पंचायत में पुष्प वाटिका गार्डन में निर्माणाधीन पानी टंकी के कार्यों के निरीक्षण के दौरान पेयजल वितरण लाइन के लिए लोक निर्माण विभाग की लगभग नौ किमी की लंबाई की सड़कों को लेकर विभाग और नगर पंचायत के बीच समन्वय की कमी को भी दूर किया। उन्होंने कार्यस्थल पर ही नगरीय निकाय और लोक निर्माण विभाग के बीच जल प्रदाय परियोजनाओं में समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और पाइपलाइन विस्तार का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव ने सीएसपीटीसीएल से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तत्काल परियोजना में आ रही भूमि संबंधी दिक्कतों के समाधान के निर्देश दिए। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत माना नगर पंचायत में पेयजल योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत माना नगर पंचायत के करीब चार हजार घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। 44 करोड़ 38 लाख रुपए लागत की इस योजना का अब तक 30 प्रतिशत से अधिक काम पूरा कर लिया गया है।

मोहन भागवत का हिन्दुस्तान में घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा: कांग्रेस

नई दिल्ली,15जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने RSS यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के 'सच्ची स्वतंत्रता' वाले बयान की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि यदि वह इसी तरह का बयान देते रहे तो देश में उनका घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा। इससे पहले आरएसएस चीफ के बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी आपत्ति जता चुके हैं। खरगे ने कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आरएसएस और भाजपा के लोगों को (1947 में मिली) आजादी याद नहीं है क्योंकि उनके वैचारिक पूर्वजों का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं है। भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इसी दिन मिली थी। खरगे ने भागवत पर निशाना साधते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि आजादी मिलने के बाद वह इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरएसएस और भाजपा का उल्लेख करते हुए कहा, (आजादी के लिए) वो कभी लड़े नहीं, कभी जेल नहीं गए, इसलिए उन्हें आजादी के बारे में कुछ याद ही नहीं है... हमारे लोग लड़े थे, जान गंवाई थी, इसलिए हम आजादी को याद करते हैं।

खरगे ने कहा, भागवत के बयान की मैं निंदा करता हूं और वह अगर ऐसे ही बयान देते रहे तो हिंदुस्तान में उनका घूमना-फिरना बड़ा मुश्किल हो जाएगा। कांग्रेस के नए मुख्यालय के बारे में पार्टी अध्यक्ष ने कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि यह दफ्तर उसी इलाके में बना है जहां हमारे नायकों ने सोचा था।

मंड़ई मेला समाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह 19 जनवरी को

भिलाई, 15 जनवरी। ग्राम नंदिनी खुंदिनी तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ मे भव्य मंड़ई मेला समाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह का आयोजन 19 जनवरी दिन रविवार को रखा गया है। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, अध्यक्षता राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक अहिवारा, विशेष अतिथि सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सतीश साहु विधायक प्रतिनिधि, नटवर ताम्रकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अहिवारा, श्रीमति चंदेश्वरी बांधे पार्षद, चंचल बाफना जिला सह कोषाध्यक्ष, अनुज साहु, लिमन साहु, अश्वनी टंडन, दाऊ प्रमोद चन्द्रकार, प्रेम लाल देशलहरे जनपद सदस्य, वामन साहु सरपंच, भूपेन्द पाल उप सरपंच, घनश्याम यादव, आर डी पटेल लंकेश नाहटा एवं समस्त ग्राम वासी दानदाता गण दोपहर 12 बजे से दोपहर 03 बजे तक चौका मंगल भजन, पंथी, जस गीत, झाकी, जवारा, प ंडवानी, एकल नृत्य की अनुपम प्रस्तुति दोपहर 03 बजे से रात्रि 08 बजे तक पद्मश्री डॉ उषा बारले कृत लोक कला मंच ज्ञान श्रोत की भव्य प्रस्तुति रात्रि 11ः30 बजे से सुबह 06 बजे तक दुष्यन्त हरमुख स्वर रिंकि देवांगन कृत रंग झरोखा छत्तीसगढी सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक ताबलतोड प्रस्तुति संरक्षक घनश्याम यादव अध्यक्ष देवऋषि घिदोडे उपाध्यक्ष डॉ मनिष देशलहरे, अजय डेहरे, चितेश महिलां, राजेश जांगड़े, समीर जांगड़े, शंकर मार्कण्डे, हरि शंकर घिदोडे, खिलेश घिदोडे, खिलावन निषाद, शंकर बंजारा, सदानंद बक्सी जी , श्री शंकर पांडे भूपेन्द महिलांग संजय देशलहरे अमन जांगड़े प्रकास जांगडे सौरभ गायकवाड़ राहुल डेहरे ने जानकारी दिये और समस्त दर्शको को शान्ति / सुरक्षा बनाये रखने की अपील की गई है।

थोड़ी सी मदद ने सीखा दिया जीना

रिसाली। विषम परिस्थिति कई बार आदमी को जीना सीखा देती है। तीन वर्ष पहले आए कोरोना आपदा ने कई लोगों का रोजगार छिना तो कई को नौकरी गवानी पड़ी। ऐसे में प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना स्ट्रीट वेंडरों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। रिसाह्राली निगम क्षेत्र की बात करे तो दो सौ से अधिक लोगों का परिवार बिखरने से बच गया। पहले 10 हजार और 20 हजार, 50 हजार की ऋण स्वरूप मदद से कई स्ट्रीट वेंडरों ने स्वरोजगार स्थापित किया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि निगम क्षेत्र में वेंडिंग क्षेत्र घोषित नहीं है। इसके बाद भी मुख्य मार्ग की स्थिति शाम के वक्त चौपाटी जैसे हो जाती है। ऐसे ही स्ट्रीट वेंडरों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया और रिसाली अपने लक्ष्यों को पूरा कर पाया। फास्ट फूड के व्यापारी चुम्मन साहू बताता है कि पहले वह महज 3 से 4 हजार कमाता था। स्वनिधि के तहत मिले तीन चरणों में ऋण से अब वह हर माह बैंक में भविष्य के लिए पैसे संजो रहा है। चैमीन, चिकन व एग रोल से ही कुछ घंटे के व्यवसाय में 10 हजार तक की बचत कर रहा है। प्रदेश के नगरीय निकाय में रिसाली ऐसा निकाय है जहां स्लम क्षेत्र में पॉश कॉलोनी की तर्ज पर चौपाटी बनाया गया है। यहां स्ट्रीट वेंडरों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। साथ ही उनकी दशा पहले से बेहतर है।

चोरी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 15 जनवरी। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र में ग्राम मुड़पार के एक घर में चोरी करने के लिए घुसे दूसरे बदमाश 32 वर्षीय गोवर्धन जोशी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है सप्ताहभर पहले आरोपित एक दोस्त के साथ गांव के एक घर में चोरी करने के लिए घुसा था एक आरोपित को गांव वालों ने पकड़कर जामुल थाने पुलिस के हवाले किया था जबकि दूसरा आरोपित फरार था छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि ग्राम मुड़पार निवासी आरोपित गोवर्धन को पकड़ा गया है आरोपित छह जनवरी की रात को अपने दोस्त सूरज बंजारे के साथ अपने गांव में रहने वाले श्याम सिंह चौधरी के घर में चोरी करने के लिए घुसा था रात में गांव दालों ने आरोपितों को देख लिया था इसके बाद पीड़ित ने ग्रामीणों की मदद से एक आरोपित सूरज को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था वहीं दूसरा आरोपित गोवर्धन फरार था आरोपित पहले भी दो बार चोरी के मामलों में जेल जा चुका है।

एक नजर

रामशिला को मिला पक्का मकान

जामुल, 15 जनवरी। जामुल के वार्ड.03 में रहने वाली श्रीमति रामशिला साहू पति की मृत्यु एवं इकलौती बेटी के विवाह के बाद कच्चे घर में अपना गुजर बसर कर रही थीए मेहनत.मजदूरी करते हुए अपना भरण पोषण कर रही थी। ऐसी परिस्थिति में कच्चे घर को मौसम के हिसाब से सहेजना इन के लिए इस उम्र में अत्यंत पीड़ादायक थाए पर जब इन कोष् प्रधान मंत्री आवास योजनाश् के माध्यम से अवसर प्राप्त हुआ तो इन्होने बड़ी ही मेहनत और लगन के साथ इस का लाभ लिया। एक जागरूक नागरिक की तरह इन्होने अपनी देख रेख में एक मजबूत एवं उच्च गुणवत्ता वाले घर का निर्माण किया और आज बड़ी ही खुशी के साथ अपने पक्के आवास में सुखद जीवन यापन कर रही है।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 15 जनवरी। दुर्ग भारतमाला सड़क निर्माण कार्य में लगने वाले लोहे के सामान की चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई थाने पुलिस ने आरोपियों के पास से 10000 रुपए कीमत का चोरी का सामान एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि 12 जनवरी की रात में ग्राम पुरई बजरंग बली मंदिर के पास भारत माला में उपयोग करने वाले 20 किलो वजन के वर्टिकल जैक पाइप 5 नगए 30 किलो वजन का एक नग क्रिप्स को दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल में लोड कर ले जाया जा रहा था। प्रार्थी द्वारा रात को टार्च की रोशनी में देखा कि मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एल सी 0848 में आरोपी सामान को लोड कर ले जा रहे थे आवाज देने पर वे लोग नहीं रुके आरोपियों के खिलाफधारा 303 ए 3के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी प्रीतम साहू पिता उत्तम साहू 30 वर्ष निवासी शिवपारा पुरई थाना उतई तथा एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है एवं अपचारी बालक को बाल सुधार गृह भेजा गया है ।

छह जुआरी पकड़ाए

भिलाई, 15 जनवरी। भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र में कैंप.एक वृंदा नगर के छपरा मोहल्ला में एक बिजली के पोल के नीचे बैठकर जुआ खेल रहे छह जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों से 18 हजार रुपये नकद और ताश पत्ती जब्त की गई है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि सभी आरोपित छपरा मोहल्ले की गली में बैठकर जुआ खेल रहे थे मौके से जवाहर नगर हनुमान मंदिर के पास निवासी 39 वर्षीय सुखदेव सोनकरए कैंप.एक वृंदा नगर छपरा मोहल्ला हनुमान मंदिर के पास निवासी 31 वर्षीय आरोपित राहुल यादव, 31 वर्षीय मनीष लाडेकर, विश्वजीत यादव, प्रेम सिंह और शासकीय स्कूल के पीछे वृंदा नगर कैंप.एक निवासी 37 वर्षीय मनीष राजपूत को गिरफ्तार किया पुलिस को देखते ही सभी आरोपित भागने लगे थे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा ।

भिलाई इस्पात संयंत्र के विभागों में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

भिलाई, 15 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा माह 13 से 18 जनवरी तक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। सुरक्षा सप्ताह मनाने का उद्देश्य लोगों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक करना है तथा प्रबंधन द्वारा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में सभी कर्मचारियों की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस पहल के अंतर्गत संयंत्र के विभिन्न विभागों में सुरक्षा से जुड़े उपायों पर जागरूकता फैलाने के लिए कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। इसी क्रम में 13 जनवरी 2025 को अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) विभागों में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला विभाग राकेश कुमार द्वारा सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान आरसीएल विभाग में रंगोली, संगीत, पोस्टर, कविता, स्लोगन, निबंध और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ट अधिकारी सुश्री खिलांजलि टेमरे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) श्री बी के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (सेफ्टी एंड फायर सर्विसेस) श्री देबदत्त सत्पथी, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एल एंड डी) सुश्री निशा सोनी एवं मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव उपस्थित थे। साथ ही आयोजन समिति के सदस्यगण महाप्रबंधक ए व्ही मनोज, महाप्रबंधक आवेश सहारे, विभागीय सुरक्षा अधिकारी व उप महाप्रबंधक आर सी बरमाते, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश चैधरी व सुश्री ऋच्चा अवस्थी सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। वहीं संयंत्र के आरएसएम एवं आरटीएस में 13 जनवरी को आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार तथा महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एस के अग्रवाल ने दुर्घटनाओं पर चिंता प्रकट करते हुए सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर दिया तथा श्री टी दस्तीदार ने शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने पर बल देते हुए अधिकतम दुर्घटना मुक्त कार्य दिवसों की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग के सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुनील शुक्ला ने वार्षिक सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

हितग्राहियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर कराया गया गृह प्रवेश

भिलाई, 15 जनवरी। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 318 हितग्राही जिनके द्वारा आबंटित मकान की किस्त जमा कर दी गई थी। ऐसे हितग्राहियों को सूर्य विहार के पीछे खम्हरिया 493 युनिट में मकान प्रदान किया गया। दुर्ग लोकसभा सांसद, वैशाली नगर विधायक, महापौर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पहले जाकर प्रधानमंत्री आवास में जाकर मकान का निरीक्षण किया गया। उसके पश्चात मकान की चाबी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमें बहुत खुशी है, कि इस पवित्र तिथि पर अपने शहर के नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान करते हुए यह मेरे लिए बहुत शुभ अवसर है। विधायक रिकेश सेन ने अपने उद्बोधन में कहा प्रधानमंत्री जी का सपना है, कि सबके पास मकान हो। जिसमें अपने परिवार सहित खुशहाल जीवन जी सकें, यह योजना सबके लिए लाभकारी है। महापौर नीरज पाल ने अपने उद्बोधन में कहा मकान प्राप्त करने के बाद चारो-तरफ स्वच्छता बनाये रखना। साफ-सफाई रखना सबका कर्तव्य है, जिससे आपकी कालोनी अच्छी कॉलोनी कहलाये। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि आपका अपना मकान होगा। जिस पर खुद का अधिकार होगा, आपके पास प्रमाण पत्र होगा जिससे अधिकार पूर्वक बता सकते है यह हमारा मकान है। सबके बीच में श्रीमती रूखमणी देवांगन 62 वर्षीय महिला ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा किराये के मकान में हमारा दिन कट रहा था। मन में यही सपना था, कि हमारा खुद का मकान हो, मेरे नाम का मकान हो, मुझे बहुत अच्छे लोकेशन पर हमारे उम्र का ख्याल रखते हुए हमें नीचे का मकान मिला है। हमारा सपना पूरा हुआ, प्रधानमंत्री मोदी जी का आभारी हूँ। हमारा मकान भी सीधा ढलाई करके बनाया गया है, मजबूत है। दीवार में खीला भी नहीं घुसता है, हम सब बहुत खुश है। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद महेश वर्मा, संतोष मोर्या, मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन, विद्याधर देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली उपस्थित रहे। इसके पश्चात वहां पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए सांसद, विधायक, महापौर एवं आयुक्त द्वारा नागरिकों की उपस्थिति में फूलदार वृक्ष लगाया गया।

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

दुर्ग, 15 जनवरी । राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 14 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सुश्री ऋच्चा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के दिशा-निर्देश एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों में कोटपा चालानी कार्यवाही नियमित करने और सभी शैक्षणिक संस्थान तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिये चर्चा की गई। इसी प्रकार सभी शासकीय संस्थाओं को भी तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाये जाने हेतु विभाग प्रमुखों को कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करने हेतु चर्चा की गई। बैठक में एडीएम श्री अरविन्द एक्का, वन मंडलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर परदेशी, सहायक कलेक्टर श्री एम. भार्गव, अपर सर्जन डॉ. एच.के. साहू उपस्थित थे।

मनीष राज गुप्ता ने सेल के निदेशक का पदभार किया ग्रहण

भिलाई, 15 जनवरी। मनीष राज गुप्ता ने 13 जनवरी को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं और कच्चा माल) का पदभार ग्रहण किया है। एमएएनआईटी, भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक गुप्ता ने वर्ष 1991 में दुर्गापुर स्टील प्लांट से मैनेजमेंट ट्रेनी (तकनीकी) के रूप में, सेल के साथ अपना करियर शुरू किया। इस्पात उद्योग में तीन दशकों से अधिक अनुभव रखने वाले एक निपुण प्रोफेशनल गुप्ता ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में काम किया है, जहां उन्होंने लगातार उत्कृष्ट तकनीकी विशेषज्ञता, परिचालन उत्कृष्टता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। गुप्ता ने अपनी विभिन्न भूमिकाओं के माध्यम से सेल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दुर्गापुर स्टील प्लांट में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने स्टील मेल्टिंग शॉप की दक्षता और सुरक्षा में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में, वे बोकारो स्टील प्लांट में मुख्य महाप्रबंधक बने और विभिन्न प्रौद्योगिकी उन्नयन का नेतृत्व किया और आधुनिकीकरण परियोजनाओं का हिस्सा रहे। बाद में इस्को स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) के रूप में, उन्होंने सस्टेनेबिलिटी, लागत अनुकूलन और डिजिटल प्रौद्योगिकी अपनाने पर ध्यान केंद्रित किया। सेल के कॉर्पोरेट ऑफिस में, उन्होंने कार्यपालक निदेशक प्रभारी (संचालन) के रूप में कार्य किया और परिचालन दक्षता एवं रणनीतिक समन्वय को बढ़ाने में अमूल्य योगदान दिया।

इंडियन रेडक्रास सोसायटी दुर्ग के जिला प्रबंध समिति सदस्यों ने किया शपथ ग्रहण

दुर्ग, 15 जनवरी । इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला दुर्ग के अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री ऋच्चा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रबंध समिति के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की प्रथम बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों/सदस्यों को शपथ दिलायी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ. मनोज दानी ने अवगत कराया कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के जिला प्रबंध समिति का चुनाव 26 दिसम्बर 2024 को खालसा पब्लिक स्कुल दुर्ग में संपन्न हुआ। जिसमें जिला प्रबंध समिति सदस्य के पद पर 24 सदस्य निर्वाचित हुए। निर्वाचित सदस्यो में से जिला प्रबंध समिति के चेयरमेन हेतु डॉ. शरद पाटणकर, वाईस चेयरमेन हेतु डॉ. राहुल गुलाटी, कोषाध्यक्ष हेतु श्री प्रमोद वाघ एवं राज्य इकाई हेतु जिला प्रतिनिधि श्री युवराज देशमुख का चयन सर्वसम्मति से किया गया।बैठक में जिला प्रबंध समिति के सभी सदस्यों व्दारा अपना संक्षिप्त परिचय एवं व्यक्तिगत जानकारी देते हुए उनका चयन रेडक्रास सोसायटी के जिला प्रबंध समिति में होने पर गौरवान्वित होकर पुरी निष्ठा से रेडक्रास के कार्यो को पूर्ण करने की जानकारी दी गई। जिला प्रबंध समिति के चेयरमेन डॉ. शरद पाटणकर एवं डॉ. राहुल गुलाटी व्दारा उनके व्दारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की जानकारी देते हुए रेडकास सोसायटी में एक जुटता के साथ कलेक्टर सुश्री चौधरी के मार्गदर्शन में रेडक्रास के कार्यो को गति प्रदान करने की जानकारी दी गई।

कलेक्टर सुश्री ऋच्चा प्रकाश चौधरी ने अवगत कराया कि रेडकास सोसायटी के जिला प्रबंध समिति के चुनाव कार्य हेतु राजभवन एवं राज्य शाखा से प्राप्त निर्देश के तहत चुनाव कार्य पूर्ण हुआ। रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग व्दारा नियमित रूप से संचालित गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी सदस्यों को दी गई एवं अक्टूबर 2024 में सम्पन्न राज्य स्तरीय जम्बुरी कार्यक्रम की जानकारी दी गई। रेडक्रास दुर्ग विगत कई वर्षो से उत्कृष्ट कार्यो के लिए जाना जाता है। रेडक्रास सोसायटी एक सेवाभावी संस्था है, नव निर्वाचित सदस्यों को निःस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करते हुए कार्य करने हेतु अनुरोध किया गया।

कलेक्टर व्दारा जिला प्रबंध समिति के सभी सदस्यों को रेडक्रास के मूल सिद्धांतो का अनुसरण करने और सौपे गये कार्य और उत्तरदायित्वों को करने के लिये अपनी सहमति प्रदान करने, तथा रेडक्रास के मानवसेवी कार्यो का प्रचार-प्रसार करने एवं ऐसा कोई भी कृत्य नहीं करने जिससे रेडक्रॉस की छबि धूमिल हो और रेडकांस प्रतीक का उपयोग केवल रेडक्रास गतिविधियो के समय ही अनुमति प्राप्त होने पर करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण उपरांत डॉ. शरद पाटणकर, डॉ. राहुल गुलाटी, श्री प्रमोद वाघ, श्री युवराज देशमुख एवं अन्य सभी सदस्यों व्दारा कलेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की गई।

धान खरीदी के अंतिम पन्द्रह दिवस फर्जी बिक्री पर नजर रखें अधिकारी : कलेक्टर

दुर्ग, 15 जनवरी । कलेक्टर सुश्री ऋच्चा प्रकाश चौधरी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 31 जनवरी तक धान खरीदी किया जाना है। धान खरीदी हेतु पन्द्रह दिवस शेष है, इन अंतिम दिवसों में उपार्जन केन्द्रों में फर्जी तरीके से धान की बिक्री न होने पाए, इस पर अधिकारी कड़ी नजर रखें। उन्होंने धान की रीसाइक्लिंग एवं फर्जी बिक्री होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम को तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री चौधरी आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों एवं अन्य विभागीय गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान उपार्जन केन्द्रों के सत्यापन की जानकारी ली। खाद्य निरीक्षक ने अवगत कराया कि जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों के धान स्टॉक का भौतिक सत्यापन, नियुक्त अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। 78 धान उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 06 उपार्जन केन्द्र क्रमशः बोरीगारका, बोरी, हिर्री, टेमरी, दनिया एवं पाहंदा के स्टॉक में अंतर पाया गया है। इस पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की गई हैं। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जांच दलों को सावधानीपूर्वक स्टॉक सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अनुकम्पा नियुक्ति पर जोर देते हुए अधिकारियों को विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरण निपटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग में जो पद उपलब्ध है, इसकी लिखित जानकारी आवेदक को सूचित किया जाए। यदि आवेदक उक्त पद में काम करने के इच्छुक नहीं है तो प्रकरण समाप्त किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि विभागों में स्थापना से संबंधित एवं अन्य देनदारियां आबंटन की अभाव में लंबित नहीं होना चाहिए। अधिकारी संबंधित उच्च विभाग को सूचित करें और आबंटन प्राप्त कर देनदारियां निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार लम्बे समय से कार्यालय में अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही होना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभाग से संबंधित लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अब तक की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सेवा निवृत पश्चात् लम्बित पेंशन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति तिथि के पूर्व पेंशन पीपीओ जारी किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी विभाग में 31 जनवरी 2025 को सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी का पेंशन पीपीओ जारी हो जाना चाहिए, कार्यालय प्रमुख अधिकारी यह सुनिश्चित करें।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि जिले में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन पन्द्रह जनवरी को किया जाना है। निर्वाचक नामावली के मुद्रण में कठिनाईयां न हो, इस हेतु निकायों से सही डाटा एन्ट्री समय पर शीघ्र करायी जाए। कलेक्टर ने कहा कि बंद योजनाओं के बैंक खाते भी बंद होना चाहिए। उन्होंने खाते बंद नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र खाता बंद करने के निर्देश दिये।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले में ई-ऑफिस की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालयों का पत्र व्यवहार ऑनलाईन होगा।

एक नजर

बैठक में संविधान गौरव दिवस मानने व बूथ कमेटी का गठन का निर्णय

डोंगरगढ़ 15 जनवरी। आज भारतीय जनता पार्टी मंडल लाल बहादुर नगर मे भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी के निर्देशानुसार भारतीय संविधान गौरव दिवस अभियान हेतु निम्न तैयारियो पर विचार विमर्श किया गया। जिसमे भारतीय संविधान गौरव दिवस मानने व बूथ कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम मे मुख्यरूप से चुनाव प्रभारी सुनील जैन, महेंद्र अग्रवाल, किरण साहू, बोधीराम साहू, मनोज कांडे, राजेन्द्र तिवारी, गिरवर साहू, रामाधीन देवागन, वेदराम ताम्रकार,देवेन्द्र साहू, वर्षा गेड़ाम, शत्रुहन वर्मा, अशोक वर्मा,भोजराज वर्मा,देवेन्द्र यादव,कोमल साहू,अमर साहू, संदीप गेड़ाम, उपकार सिंह बघेल, राकेश साहू, हेमलाल वर्मा, जीवन लाल साहू, रेखराम यादव, हरिराम साहू, रामजी चद्रवंशी,पीताम्बर सिन्हा,नोबल साहू, शिव बल्हारे, टेकचंद अग्रवाल,पवन यदु,प्रमोद वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

70 प्लस बुजुर्गो का वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन

डोंगरगढ़ 15 जनवरी। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप 70 प्लस बुजुर्गो के लिए वय वंदना योजना आयुष्मान कार्ड योजना का आयोजन 15 जनवरी व 16 जनवरी 2024 को प्रातः 10.00 बजे से शाम 04 बजे तक डोंगरगढ़ सामुदायिक केंद्र सहित विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के स्वास्थ्य केंद्रो में शिविर व घर घर सर्वे किया जायेगा जिसमें 70 प्लस बुजुर्गो का कार्ड बनाया जायेगा जिसमें 05 लाख का ईलाज मुफ्त होगा. शिविर के दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रो में के.वाई.सी दल, सहयोगी दल सहित पर्यवेक्षक दल की ड्यूटी तैनात की है जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी,ए.एन.एम, आर.एच.ओ. मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे. उक्त आशय की जानकारी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बी.पी. एक्का ने दी है।

16.6 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त

राजनांदगांव 15 जनवरी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा मोहारा बाईपास रोड किनारे बसंतपुर निवासी दुष्यंत यादव के कब्जे से देशी मदिरा प्लेन 70 नग पाव कुल 12.600 बल्क लीटर जब्त किया गया। आरोपी आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांतनीय अपराध मं गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी राजनांदगांव दक्षिण श्रीमती कुसुमलता जोल्हे, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री जर्नादन प्रसाद पाण्डे, आबकारी आरक्षक श्री आर्यन ठाकूर, श्री सुरेश देशलहरे, श्री किशोरी कोमरी, श्री दीपक सिन्हा शामिल थे। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बरनारावकला में रामरतन सोनवानी के रिहायशी मकान से 4 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब आबकारी अधिनियम के तहत जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ श्री उज्जवल कुमार सूत्रधर, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक श्री भोजराज बंजारे, श्री खेमचंद मंडावी, श्री अश्वनी शुक्ला, श्री रोहित टेम्बुलकर शामिल थे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

तेजी से विकास कर रहा है छत्तीसगढ़: कश्यप

रायपुर, 15 जनवरी। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। सभी वर्गों के शिक्षा, स्वास्थ्य सहित मूलभूत सेवाओं में बढ़ोत्तरी के साथ ही कला-संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। वनमंत्री श्री कश्यप आज कोरबा जिले के ग्राम देवपहरी में आयोजित शिलान्यास और भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां 81 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन किया। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ग्राम देवपहरी में गौ-मुखी सेवाधाम द्वारा आयोजित तिल-लाडू ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि गौ-मुखी सेवा धाम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए कल्याण का कार्य कर रही है। उन्हें शिक्षा से जोड़कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है और संस्कृति को जोड़ते हुए समाज के विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने रस्साकशी, कबड्डी, तीरंदाजी के विजेताओं का सम्मान कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। जिसमें कोरबा, केंदई, पसरखेत, जटगा, चौतमा, करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन मार्ग, रपटा, जल स्रोत, पुलिया, वॉच टॉवर, आवास निर्माण कार्य सहित वन्य जीव संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य शामिल है। इसी तरह जल संसाधन विभाग अंतर्गत 76 करोड़ 33 लाख 62 हजार रुपए के लागत वाले 17 विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन किया गया।

राकेश पुराम को मुख्य तकनीकी परीक्षक का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर 15 जनवरी। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक आयोग में तकनीकी सलाहकार के पद पर पदस्थ श्री राकेश पुराम को मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के तहत, श्री राकेश पुराम अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) का कार्यभार भी अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक संभालेंगे।

आदिवासी समाज का उत्थान सर्वोपरि:मुख्यमंत्री

रायपुर, 15 जनवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता में आदिवासी समाज का उत्थान शामिल है। उन्होंने देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए आदिवासी महिला को अवसर दिया। आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी है, छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री एक आदिवासी है, यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच का ही परिणाम है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारी सरकार का ध्येय वाक्य है। इसके माध्यम से हम विजन-2047 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में आप सबके सहयोग से सफल होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के पमशाला में आयोजित अखिल भारतीय कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। इससे लोगों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। हमने पिछले एक साल में मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समुदाय के समग्र विकास और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पीएम जनमन, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। उन्होंने इन योजनाओं में आदिवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आहार, रोजगार और मकान से लेकर हर जरूरत का ध्यान रखा है। छत्तीसगढ़ सरकार इन योजनाओं में तेजी से आदिवासी समुदाय को लाभान्वित कर रही है। हमारी सरकार आदिवासी समुदाय के साथ ही सभी वर्गों के जीवन में खुशहाली लाने और उनके उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर फरसाबहार में स्नेक पार्क और तपकरा को तहसील बनाने और पमशाला के स्टेडियम के समतलीकरण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने 87 करोड़ 31 लाख 98 हजार रूपए लागत् के 507 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 85.08 करोड़ रूपए की लागत के 483 कार्यों का भूमिपूजन एवं 2.23 करोड़ की लागत से निर्मित 24 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने शपथ-ग्रहण के दूसरे ही दिन कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रदेश के 18 लाख परिवारों को लाभान्वित करने तत्काल निर्णय ले लिया था। हमने तेंदूपत्ता संग्रहण दर को चार हजार रूपये से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। इससे वनवासी भाईयों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश में धान की खरीदी कर रहे हैं। हम किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान तत्काल कर रहे हैं। धान खरीदी समाप्त होते ही अंतर की राशि भी उनके बैंक खातों में जमा करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कहा कि आदिवासी कंवर समाज तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी दिशा और दशा पर लगातार चिंतन करता है, आपस में विचार-विमर्श करता है, कुरीतियों को दूर करता है, विकास के अवरोधों को चिन्हित करते हुए उन्हें दूर करने का जतन करता है।

नौकरी लगाने फर्जी नियुक्ति पत्र देने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 15 जनवरी। प्रार्थी कमरूल हसन पिता महबूबल हसन उम्र 59 वर्ष निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष अनावेदक वसीम अहमद पिता मोह0 कादीर निवासी डोगरगांव एवं मोहसीन खान पिता अलीम खान निवासी छुरिया द्वारा दिनांक 22.06.2024 को इसके पुत्र को सहकारिता विभाग मानपुर मोहला मे क्लर्क एवं चपासी की नौकरी लगवाने एवं इसकी पुत्री तसलीम हसन को मनरेगा विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर 4,00,000 रूपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के संबंध में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच पर आरोपियो के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 627/24 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एव थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे आरोपी के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान भेजकर मुखबीर की सूचना पर दोनो आरोपियो (01) मोहसीन खान पिता अलीम खान उम्र 33 साल साकिन वार्ड नं0 06 अहमद भाई वार्ड नगर पंचायत छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव (छ0ग0) (02) वसीम अहमद पिता कादीर अहमद उम्र 32 साल साकिन वार्ड नं0 04 गायत्री मंदिर के पास डोगरगांव थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ पर अपराध कबूल किया गया। प्रकरण मे धारा 336, 338, 340, 3(5) बीएनएस समाहित कर आज दिनांक 14.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, प्र0आर0 शंभूनाथ द्विवेदी, मिलन साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, महिला आरक्षक रेणुका राजपूत एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

भोजवानी साहू की मौजूदगी में व्यवसायिक परिसर के लिए किया गया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 15 जनवरी। नगर के वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 15 खूटाछुरिया मे नगर पंचायत के सामने व्यावसायिक परिसर हेतु 30 दुकान का भूमि पूजन भोजवानी साहू के अगवाई में 13 जनवरी को किया गया। इस परिसर का मुखिया भोजवानी साहू रहे ।वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 15 के वार्डवासियों ने भोजवानी साहू को परिसर का डायरेक्टर बनाया गया । गांव के वरिष्ठ दयाराम साहू, मदन मंडावी , मोतीराम मंडावी,मंगल मंडावी, चिंता राम साहू, जोतराम यादव ,मिलन, पंचू ,भूषण नेताम ,तुकाराम मंडावी,राजू यादव, रामदयाल साहू, भागवत साहू ,सुमन यादव , लखनू बैगा,ज्ञान मंडावी ,जगेश्वर साहू, दुखवा मंडावी, ठगेश साहू, रमेश साहू ,जयकुमार साहू खोरबहरा साहू, संतोष साहू ,राजेश पटौदी सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भोजवानी साहू ने बताया कि युवाओं को रोजगार दिलाने और वार्ड का विकास के लिए पूर्वजों द्वारा खरीदी गई निजी जमीन में व्यावसायिक परिसर और मैरिज ब्यूरो हाल का वार्डवासियों के सहयोग से निर्माण कार्य होगा तथा वार्ड के लोगों को दुकान के लिए एक लाख पगड़ी देना होगा ।यह पगड़ी की राशि किस्तों में देय होगा और 2 साल का किराया फ्री रहेगा 25 वा महीने से किराया शुरू होगा वहीं अन्य लोगों के लिए पगड़ी की राशि दो लाख होगी तथा उनसे भी 2 साल तक किराया नहीं लिया जाएगा ।2 वर्ष के बाद प्रति माह किराया लिया जाएगा।

नगर के खुटा छुरिया के वार्डवासियों ने बताया कि भोजवानी साहू जब वार्ड के लिए इतना कुछ कर सकते हैं तो पूरे नगर के लिए और क्या नहीं कर सकेंगे ।भोजवानी साहू को नगर अध्यक्ष का कमान सौंपने से पूरे छुरिया नगर में विकास की गाथा लिखा जाएगा और विकसित नगर के रूप में इसकी पहचान होगी। बता दे की एक मध्यम परिवार का लड़का एक छोटा सा ऑनलाइन सेंटर खोलकर लोगों के दिल में कब जगह बना लिए पता नहीं चला आज पूरा छुरिया नगर के महिला ,पुरुष, बच्चे, बूढ़े सब भोजवानी साहू को जानते हैं और उनके जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हैं ।

प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे सार्थक जैन

राजनांदगांव 15 जनवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के तनाव और डर को दूर करने के लिये को दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए राजनांदगांव जिले से पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी सार्थक जैन का चयन हुआ है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यार्थी सार्थक जैन रवाना हो गए है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने विद्यार्थी सार्थक जैन को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश में लगभग 20 लाख विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ है। जिले से लगभग 75 हजार विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकों ने पंजीयन किया है। इस वर्ष पंजीयन के बाद अलग-अलग थीम पर परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और यह कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर आयोजित हो रहे है। 12 एवं 13 जनवरी को दिल्ली कार्यक्रम के बाद अंत में बच्चे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से रूबरू होंगे। राजनांदगांव के सार्थक जैन का चयन ध्यान व स्मृति का निर्माण-खेल मानसिकता के थीम के लिए हुआ है।

समाचार संक्षेप

ऑटो एक्सपो आज से, विधिवत उद्घाटन 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री करेंगे

रायपुर 15 जनवरी। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो 2025 साइंस कालेज मैदान में अपने पूर्व घोषित तारीख पर 15 जनवरी बुधवार की शाम गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हो जायेगा, लेकिन ऑटो एक्सपो का विधिवत उद्घाटन 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस अवसर पर अन्य सम्मानित अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। राडा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करते हुए उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया, उन्होने आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे ऑटो एक्सपो में आने की स्वीकृति दी है। राडा प्रतिनिधिमंडल ने पुन- एक्सपो अवधि के दौरान सभी प्रकार के वाहनों पर रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर परवानी, राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, फाडा के पूर्व अध्यक्ष मनीषराज सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, विवेक गर्ग, श्याम गुप्ता, मनीष गुप्ता, विकास मत्थानी और यश कानिया शामिल थे। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन,उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि इस बार 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पूरे एक माह साइंस कालेज मैदान में ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया है। जो कि बुधवार शाम से प्रारंभ हो जायेगा। इसी दिन से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित एक्सपो अवधि के दौरान सभी प्रकार की वाहनों पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ भी मिलने लगेगा। देर शाम गणेश वंदना के साथ ऑटो एक्सपो की औपचारिक शुरुआत हो जायेगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे और वाहनों की खरीदी बिक्री भी सभी स्टालों में शुरु हो जायेगी। लेकिन विधिवत शुभारंभ 16 जनवरी गुरुवार को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे। चारों सेग्मेंट के व्हीकल्स व स्पेयर पार्ट्स के 200 स्टॉल एक्सपो में शामिल हो रहे हैं,एक्सपो स्थल पर सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

महिलाओं के वैधानिक अधिकार पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

डोंगरगढ़ 15 जनवरी। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में पीएम उषा योजना अंतर्गत महिलाओं को प्रदत वैधानिक अधिकारों पर 5 दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस घरेलू हिंसा अधिनियम 2013 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश चंदेल व्याख्यान हेतु उपस्थित थे। कार्यशाला का आरंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने कार्यशाला के प्रमुख वक्ता अधिवक्ता राजेश चंदेल के स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में शासन द्वारा महिलाओं को प्रदत्त कानूनी अधिकारों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक हो सकें। कार्यशाला में उपस्थित अधिवक्ता श्री राजेश चंदेल ने छात्राओ को संबोधित करते हुए बताया कि संविधान में प्रावधानित महिलाओं के विभिन्न वैधानिक अधिकारों के संबंध में सभी वर्गो की महिलाओं को सजग रहना आवश्यक है।

कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी समस्याएं एवं शिकायतें

राजनांदगांव 15 जनवरी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

यातायात रथ ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 15 जनवरी। 14 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात विभाग के प्र.आर. सउनि घनश्याम देशलहरे द्वारा जिले के ग्राम पेण्ड्री, इंदामरा, धनगांव, बम्हनी, गातापार, सुकुलदैहान, हल्दी, कसारी, पेण्ड्रीटोला, लिटिया, नवागांव में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत से सुसज्जित यातायात रथ फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। दिनांक 15, 16 एवं 17 जनवरी 2025 को परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन यातायात शाखा परिसर में प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से किया गया है।

जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाये। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वी या 08 वी मार्कशीट या पेन कार्ड जिसमें जन्म तिथि उल्लेख हो, लोकल आईडी प्रूफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है। सड़क सुरक्षा माह में यातायात जागरूकता अभियान के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 13 वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

कांग्रेस का हर कार्यकर्ता नगरीय निकाय चुनाव जीतने पूरी ताकत झोंक दें :भागवत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 15 जनवरी। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने गत दिवस डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद, डोंगरगांव, छुरिया और लाल बहादुर नगर पंचायत में की बैठक लेकर नगरी निकाय आम चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में जोश भरा गया। श्री साहू ने आगे कहा कि अध्यक्ष और पार्षद के उम्मीदवार पार्टी का चाहे जो भी नामधारी हो उन्हें पार्टी का प्रतिनिधि जानते समझते हुए एकजुट से भारी बहुमत से जितना है। मन भेद जैसे अंतर कलह जैसी स्थिति पराजय का कारण बनती है। इसलिए एकजुट से भारी बहुमत से पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलानी है। इतना ही नहीं आम जनता को केंद्र व राज्य में भाजपा कि गलत रीति नीति के खिलाफ जागरूकता लाना है और उन्हें अपने पक्ष में करना है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को सिपाही की तरह समझते हुए। इस चुनावी युद्ध में जीत के संकल्प के साथ तन मन धन से और दिन रात एक करते हुए भीड़ जाना है। उनके संबोधन से पार्टी का हर एक कार्यक्रम करता हर एक कार्यकर्ता और ऊर्जान्वित हुए बिना नहीं रहा। बैठक शुरू से समाप्ति में मुख्य रूप से पर्वेक्षक व ब्लाक अध्यक्ष में नगर पालिक निगम डोंगरगढ़ से श्री किशन खंडेलवाल, विजय राज सिंह, नगर पंचायत छुरिया विरेन्द्र कुमार बोरकर, रितेश जैन, राजकुमार सिन्हा कार्य, अध्यक्ष नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंजुम अलवी, हीरा सोनी, नगर पंचायत डोंगरगाँव विवेक वासनिक, चेतन दास साहू सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नेहरू महाविद्यालय में आनंद मेला का आयोजन

विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजनों एवं खेल-मनोरंजन के16 स्टाल लगाये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 15 जनवरी। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 8 जनवरी बुधवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं आई.क्यू.एसी. के संयुक्त तत्वाधान में आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता ली। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न व्यंजनों एवं खेल-मनोरंजन के कुल 16 स्टाल लगाये गये। बी.कॉम फायनल से साक्षी एवं साथी द्वारा गुपचुप, भेल, पीजीडीसीए से डुमेश्वर सिन्हा द्वारा आईसक्रीम, एम.ए. अंग्रेजी प्रथम सेमे. से धरम सिन्हा द्वारा आईसक्रीम व पेस्ट्री, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर से आयरिना जॉन द्वारा चायनिस पकोड़ा, बीएससी भाग तीन से दिव्या एवं साथी द्वारा भजिया एवं चाय, बी.ए भाग दो से कहकसा एवं साथी द्वारा हरियाली टिक्का, एम.ए. भूगोल तृतीय सेमेस्टर से माधुरी व साथी द्वारा उड़द बड़ा, एन.एस.एस. से अनंत सिन्हा व साथी द्वारा स्प्राउट्स, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर इतिहास से राकेश पटेल द्वारा फुट सलाद, एम.ए. राजनीति विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर से मोमिन साहू एवं साथी द्वारा ब्रेड पकोड़ा, एम.एस.सी. बॉटनी से झामेश्वर व साथी द्वारा भेल एवं पपडी चाट, बीएससी भाग दो बायो से निखिल एवं साथी द्वारा नो आयॅल-नो बायॅल, एम.एस.सी. रसायनशास्त्र प्रथम सेमे. से अमन कुमार एवं साथी द्वारा मोमोस, योगा विभाग द्वारा खोमेश्वरी एवं साथी द्वारा गेम्स, अर्थशास्त्र विभाग से कुमेश साहू एवं प्रिया महोबिया द्वारा पावभाजी व मुंगोड़ी का स्टाल लगाया गया था।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. श्रीमती आशा चौधरी सहित निर्णायक समिति के सदस्यों के द्वारा प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण किया गया एवं प्रत्येक स्टाल में विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये व्यंजनों की सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये व्यंजनों के स्टाल, स्वाद, स्वच्छता एवं मूल्य का अवलोकन कर इतिहास विभाग से राकेश पटेल के फुट सलाद को प्रथम, बी.एस.सी. भाग दो से नो आयॅल-नो बायॅल को द्वितीय एवं बी.कॉम. फायनल से कु. साक्षी एवं साथी के द्वारा लगाये गये गुपचुप भेल, अप्पे, चिला के स्टाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ.

संपादकीय

सदी का महाआयोजन है प्रयागराज का महाकुंभ

महाकुंभ का मौका १४४ साल बाद आता है। इस बार महाकुंभ का आयोजन १४४ साल बाद प्रयागराज में किया जा रहा है। इसलिए यह सदी का महाकुंभ है और पीएम मोदी व सीएम योगी ने इसके लिए ऐसी तैयारी की यह सदी का महाआयोजन बन गया है और इसे आने वाले दिनों में सदी के महाआयोजन के तौर पर याद किया जाएगा।कुंभ सनातनियों का विशेष पर्व है तो महाकुंभ सनातनियों का महापर्व है, सदी में आने वाला एक विशेष अवसर है। फिर ऐसा अवसर एक सदी बाद आएगा, इसलिए इस महाकुंभ को लेकर लोगों में गहरी आस्था के साथ विशेष उत्साह है और पिछले तमाम कुंभ की तुलना में इस कुंभ में बहुत ज्यादा लोगों के पुण्य स्नान करने के लिए पहुंचने का अ2मान लगाया जा रहा है। १३ जनवरी को महाकुंभ के पहले दिन ही १.६५ करोड़ और मकर संक्रांति के दिन दोपहर तक १.६० करोड़ लोगों के पुण्य स्नान करने से स्नान करने वालों की संख्या दो दिन भी पूरे नहीं हुए हैं,तीन करोड़ से ज्यादा हो गई है। महाकुंभ पर गंगा के घाटों पर विशेष स्नान के लिए विश्व के पचास देशों के साथ ही देश के तमाम राज्यों से आस्था का जो सैलाब उमड़ा है, वह भव्य है,नव्य है, अतुलनीय है, अद्भुत है।महाकुंभ के लिए गंगा के पानी को इतना स्वच्छ किया गया है कि लोग लोग खुशी खुशी अमृत स्नान कर रहे है, आचमन कर रहे हैं, कह रहे हैं कि हमने गंगा का पानी इतना साफ पहले नहीं देखा था। देश विदेश से आए लोग कह रहे हैं कि हम तो महाकुंभ में आकर यहा गंगा में स्नान कर धन्य हो गए।यहां आकर ऐसा अनुभव हुआ है जो जीवन में कभी नहीं हुआ।यहां जो भी आया है, वह पीएम मोदी व सीएम योगी की हर तरह की बेहतरीन व्यवस्था की तारीफ कर रहा है। कई लोग जो पहले भी कुंभ में आ चुके हैं, उनका कहना है कि पहली बार कुंभ में इतनी अच्छी व हर तरह की व्यवस्था की गई है।पीएम मोदी जब देश के लिए, समाज के लिए सोचते हैं तो बड़ा सोचते हैं, देश व समाज के लिए करते हैं तो बहुत बड़ा करते हैं। सरदार पटेल की मूर्ति,काशी विश्वनाथ कारीडोर,भारत मंडपम, कर्तव्य पथ,संसद भवन, देश में कई जगह पुल,टनल इसके उदाहरण हैं। महाकुंभ के मौके पर तो पीएम मोदी व सीएम योगी को ऐसा ही बड़ा आयोजन करना था जिसे बाद में लोग सदी के महाआयोजन के रूप में याद करें। फिर कभी महाकुंभ हो तो याद कर कहा जाएगा कि पीएम मोदी के समय जो व्यवस्था महाकुंभ के लिए की गई थी, वैसी व्यवस्था आज नहीं की गई है।इस बार के कुंभ को स्वस्थ महाकुंभ बनाने के लिए सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में ६००० बेड,मेला क्षेत्र में ४३ अस्पताल,१२५ रोड एंबुलेंस,७ रिवर एंबुलेंस,२४गुणित ७एम्स स्तरीय चिक्तसकीय सुविकी गई है।महाकुंभ को स्वच्छ महाकुंभ बनाने के लिए ८५० समूहों में १०,२०० स्वच्छता कर्मी तैनात किए गए हैं,स्वच्छता की निगरानी के लिए १८०० गंगा सेवादूत तैनात किए गए हैं,१५००० शौचालय की व्यवस्था की गई है।२५ हजार लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन व ३०० सक्शन गाडियों का इंतजाम किया गया है। सुगम महाकुंभ के लिए प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल बनाया गया है। सात सौ प्लस कुंभ स्पेशल बसें चलाई जा रही हैं, इसके अलावा पांच सौ शटल बसें,५ हजार ईरिक्शा,१३ हजार प्लस ट्रेनें, ३००० स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही हैं। आवागमन की सुविधा के लिए ३१ पांडून ब्रिज बनाए गए है,१८५० हेक्टयर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। लोगों के रहने के लिए १.६० लाख टेंड लगाए गए हैं।प्रकाश के लिए ६७ हजार एलइडी लाइट लगाई गई है,पेयजल के लिए २०० वाटर एटीएम लगाए गए हैं।८५ नलकूपों की व्यवस्था की गई है,११ नए कारिडोरों का विकास किया गया है, आग से सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। महाकुंभ जैसे आयोजन के लिए जो भी संभव था वह सब किया गया ताकि महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। वह यहां से जाएं तो याद रहे कि महाकुंभ मे अब तक की सबसे बढिया व्यवस्था की गई थी।यहां आने वाले पुराने लोग भी जरूर यह कहें कि देश की आजादी के बाद कुंभ, महाकुंभ का आयोजन कई जगह किया गया लेकिन ऐसी व्यवस्था किसी सरकार ने नहीं की जैसी व्यवस्था पीएम मोदी व योगी सरकार ने की। देश के संत, सन्यासियों व सनातनियों का ऐसा ख्याल आज तक किसी ने नहीं किया।महाकुंभ का आध्यात्मिक महत्व तो है ही, इसका धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक महत्व भी है।बहुत सारे लोग यहां देश विदेश से आध्यात्मिक अनुभव के लिए आए हैं तो वह यहां से आध्यात्मिक अ2भव लेकर जाएंगे, महाकुंभ का धार्मिक महत्व यह है कि देश के आम लोगों को देश के तमाम साधु संतों का दर्शन एक जगह हो जाता है,उनका आशीर्वाद एक जगह मिल जाता है।लोगों को संतों का सत्संग मिलता है, वह जीवन को बदलने वाली, जीवन को साधक बनाने वाली बातें सुनकर जाते हैं और अपना जीवन बदलने का प्रयास करते हैं। जहां तक सामाजिक संदेश का सवाल है तो यह महाकुंभ से मिला है कि यह देश लोगों की जाति, भाषा, वर्ग, धर्म, मजहब अलग होने के बाद एक है।महाकुंभ का सामाजिक संदेश यही है कि यह देश बाहर से बंटा हुआ भले ही दिखे लेकिन वह भीतर से एक हैं। महाकुंभ देश के लोगों की बाहरी एकता तो दिखाता है लेकिन वह आतंरिक एकता को मजबूत करने का आयोजन है। पीएम मोदी व सीएम योगी को इस महाआयोजन का राज्यों व देश के चुनाव में राजनीतिक फायदा भी होगा। क्योंकि यह मोदी सरकार व योगी सरकार की एक महाउपलब्धि तो है।

विदेश

निर्मल रानी

क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत ?

विश्व का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फीलें तूफान से करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फीलें तूफान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ह्यइस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है। ह्व जहाँ इस बर्फीलें तूफान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है।

प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का काफी बड़ा इलाका और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फायर फाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ होल्ज को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुकसान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के काफी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है।

जाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुकसान पहुँचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और ? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक खबर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह



में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस इलाके में पहले भी अग्निकांड की घटनायें जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परन्तु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिये कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता ?

वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिजाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बन्धी जो समाचार आ रहे हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे वही ग्लेशियर अब तेजी से पिघल रहे हैं। इतनी तेजी से कि समुद्र में इन बड़े बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिये भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आँखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाके जहाँ के लोग बारिश और बर्फबारी से वाकिफ नहीं थे वहां से बाढ़ और बर्फबारी की खबरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। परन्तु पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुँचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से संबंधित रूप से व्यथित परन्तु जलवायु संकट को खुद ही बढ़ावा देने वाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते खतरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिये इकठ्ठा तो होते हैं परन्तु वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाये प्रगतिशील व गरीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलने वाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त जरुरत है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको किसी टारगेट को पूरा करने का मौका मिलेगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से परेशान करेंगी। वरिष्ठ सदस्य आपको यदि कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। अविवाहित जातकों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है। परिवार में सदस्यों में यदि खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। आपको अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। जीवनसाथी की कोई बात आपको बुरी लगेगी। आपको अपने विरोधियों की बातों में आने से बचना होगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर भी ध्यान देना होगा। आप किसी से धन को लेकर कोई वादा सोच समझकर करें। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आपका आत्म विश्वास मजबूत रहेगा, जिससे आपके कामों को करने में आसानी होगी। आपको कोई निर्णय थोड़ा सावधानी से लेने की आवश्यकता है। अपने खर्चों को आप नियंत्रण में करने की कोशिश करेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर आपसी मतभेद चल रहे हैं, तो आप उसे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आपको किसी काम को लेकर समस्या खड़ी हो सकती है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप किसी विरोधी की बातों में ना आए। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

सिंह- सिंह राशि आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको किसी की बातों में आने से बचना होगा। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप कुछ नए कामों को लेकर योजना बना सकते हैं। आपके मन में किसी बात को लेकर यदि सुझाव आएं, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं। आपको सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिल सकता है। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, तो उन्हें अधिक मेहनत की आवश्यकता है। आपको अपने आस-पड़ोस में हो रही किसी बात पर वाद-विवाद से दूर रहना होगा। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बनेगा। उधार का लेनदेन आप सोच समझकर करें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी प्रेम बना रहेगा। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

तुला- आज का दिन आपके कार्य क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आपको स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी कार्य क्षमता बढ़ने से खुशी होगी। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। बिजनेस में आपकी योजनाएं बेहतर रहेंगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आप सामाजिक क्षेत्रों में थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। आपके कुछ विरोधी आपके खिलाफ षडयंत्र रचने की कोशिश करेंगे। आपका मन आज किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आपको किसी पारिवारिक मामले को मिल बैठकर दूर करना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। कोई तकनीकी समस्या आने से आप परेशान रहेंगे। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। साझेदारी में कोई काम करने से आपको बचना होगा। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है। आप कामों को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्य की दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले से बेहतर रहेगा। आपको कोई जोखिम लेने से बचना होगा। बिजनेस में आपको पार्टनरशिप से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप प्रॉपर्टी को लेकर कोई बड़ी डील फाइनल करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई निर्णय भावुकता में लेने से बचना होगा। संतान आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा समय देने की आवश्यकता है, तभी वह पूरा होगा। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी

देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में

मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और-दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भौगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ह्यह्यहमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीजों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। टेलीसर्जरी के द्वारा हम किसी भी इलाके में स्थित मरीजों को सर्वोच्च गुणवत्ता की देखभाल मुहैया कराना चाहते हैं। भारत जैसे देश में जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी है और भोगोलिक सीमाएं इलाज में रूकावट बन जाती हैं, यह इनोवेशन बदलावकारी साबित होगा। टेलीसर्जरी वंचित समुदायों के लिए विश्वस्तरीय सर्जिकल विशेषज्ञता को सुलभ बनाएगी। साथ ही ग्रामीण लोगों को इलाज के लिए लम्बी दूरी तय कर शहरों में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे परिवारों पर लॉजिस्टिक और इलाज के खर्च का बोझ कम होगा। हम आधुनिक सर्जिकल केयर को अधिक किफायती और सुलभ बनाना चाहते हैं। टेलीसर्जरी के माध्यम से हम कुशल सर्जनों की सेवाओं को देश के हर कोने तक पहुंचा सकेंगे और चिकित्सा सेवाओं की सुलभता का तरीका पूरी तरह से बदल देंगे।

विकास

मप्र नए आयाम छूने तैयार शहडोल को लगे विकास के पंख

ऋतुपर्ण दवे

हर कहीं विकास की संभावनाएं होती हैं। मध्यप्रदेश में भी अपार संभावनाएं हैं। संसाधनों व प्राकृतिक वरदान के चलतेशहडोल में तो और भी ज्यादा हैं। जनजातीय बहुल क्षेत्र होने के बावजूद खनिज तथा दूसरे प्राकृतिक संसाधनयहां भरपूर हैं। जहां एक ओर कोयले का अकूत भण्डार है तो दूसरी ओर संभाग में तीन अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े बिजली उत्पादन केन्द्र हैं। अमरकण्टक थर्मल पॉवर प्लाण्ट, चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत केन्द्र बिरसिंहपुर पाली तो जैतहरी में मोजर बेयर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड जिसे अब, हिंदुस्तान पावर प्रोजेक्ट्स के नाम से जाना जाता है। शहडोल से करीब सिंगरौली भी वह जगह है जहां कोयला और बिजली दोनों का उत्पादन होता है। कहने का तात्पर्य यह कि विन्ध्य में यदि सबसे ज्यादा विकास की संभावनाएं कहीं हैं तो वह है शहडोल। कभी शहडोल का अकेला जिला आज संभाग में तब्दील हो अपने पुराने स्वरूप को नए नाम से पा तो चुका है। लेकिन बावजूद इसके अपने महत्व और उपलब्धियों को लेकर नए नाम और पहचान के लिए संघर्षरत है।यह सच है कि भाजपा शासन के कार्यकाल के दौरान ही शहडोल को उसकी प्राकृतिक उपलब्धियों और प्रचुरता के चलते नया आयाम मिला। आज रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर शहडोल देश और विदेश को अपनी ओर इन्ही खूबियों के चलते आकर्षित कर रहा है। 16 जनवरी को हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए अब तक 20 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं। इधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा है कि उद्योग लगाने के लिए जो निवेशक मध्यप्रदेश आ रहे हैं उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने देंगे। निवेशकों की सुविधा के लिए हर जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर प्रारंभ किए गए हैं। जिला कलेक्टरों को इनका नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाई गई हैं। इसमें मध्यप्रदेश देश में चौथे स्थान पर है।

जहां तक शहडोल में उद्योग की संभावनाओं की बात है तो यहां पर एक ओर जहां कोयले की प्रचुरता है तो दूसरी बड़े-बड़े पॉवर प्रोजेक्ट हैं। इसके अलावा रिलायंस का सीबीएम प्रोजेक्ट पहले ही शहडोल को देश में अलग मुकाम दिला चुका है। जमीन की भी कोई कमीं नहीं है। शहडोल के अलावा बेहद करीब कोलफील्ड और ऊर्जा के हब के रूप में सिंगरौली भी है जो किसी तोहफे जैसा है। निश्चित रूप से किसी भी उद्योग के लिए ऊर्जा और जगह की खासियत अहम होती है। दोनों मामलों में शहडोल बेहद सौभाग्यशाली है। इतना ही नहीं कभी यहां एशिया की दूसरी सबसे बड़ा कागज कारखाना ओरियन्ट पेपर मिल बनी जो आज भी पूरी गति से संचालित है। कागज उद्योग की और भी संभावनाओं के साथ यहां पर खनिज प्रसंस्करण, गैस आधारित उद्योग और हरित ऊर्जा परियोजनाओं में भी

निवेश की भी अपार संभावनाएं हैं। निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यह सोच उनकी दूरदर्शिता ही है जो उन्होंने प्रदेश के इस दक्षिण-पूर्वी छोर पर स्थित आखिरी संभाग की खूबी को न केवल पहचाना बल्कि मूर्त रूप देने का प्रयास किया। शहडोल को विकास की गति देने में उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की भी महती भूमिका है। निश्चित रूप से मध्यप्रदेश का यह 7वां रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव अपने आम में मिशाल होगा जो बेमिशाल होगा। बस एक कसक प्रकृति के अकूत वरदानों से भरे जनजातीय, आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व के इलाके की रह गई है कि काश संभाग का नाम नर्मदा संभाग होता और अनूपपुर जिले का नाम मां नर्मदा के नाम रेवाखंड जिला तथा उमरिया का नाम विश्व प्रसिध्द राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के नाम होता तो यह सोने में सुहागा जैसा होता। विश्वास है कि देर-सबेर यह भी होगा।

इतना ही नहीं शहडोल की उपलब्धियां अपने आप में विश्व व्यापी है। यहां से ही देश की उस नदी ह्यनर्मदाह्नका उद्गम होता है जिसके दर्शन मात्र से पुण्य प्राप्त होता है। वहीं सोन का भी उद्गम यहीं से होता है। अमरकण्टक शहडोल के पर्यटन उद्योग को चार चांद लगाने के लिए अलग धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्र जैसी पहचानभी रखता है। इस पवित्र नगरी के कायाकल्प के लिए भी राज्य सरकार पुरजोर कार्य कर रही है।इससे न केवलधार्मिक पर्यटन को बढ़ेगा बल्कि मध्यप्रदेश के इस अनूठे प्राकृतिक स्थल को लोग बार-बार देखने आते हैं और आते रहेंगे। विश्व विख्यात नर्मदा और सोन का उद्गम अमरकण्टक वैसे भी दुनिया में अलग स्थान रखता है। जहां अमरकण्टक से निकली नर्मदा गुजरात के लिए वरदान कहलाती है तो सोन बिहार के लिए लाइफ लाइन से कम नहीं है।

अमरकण्टक की मेकल, विन्ध्य और सतपुड़ा पहाड़ियों की सुन्दरता और दर्जनों बल्कि सैकड़ों ऐसे स्थान हैं जहां प्राकृतिक हरियाली, कीमती जड़ी-बूटियां, प्राचीन तप स्थलियां और पहाड़ों की सुन्दरता देखते ही बनती है। जैसे-जैसे शहडोल औद्योगिक रूप लेगा निश्चित रूप से अमरकण्टक की वादियां और पुण्यता भी इसके विकास को चार चांद लगाएंगी। वहीं विश्व विख्यात बांधवगढ़ भी शहडोल के गौरव को बढ़ाता है। दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। इसीलिए बांधवगढ़ अम्बानी परिवार को भी खूब भाया।

शहडोल से सटा लालपुर भी दशकों तक विन्ध्य का जाना माना निजी हवाई अड्डा था। यहां देश के बड़े उद्योगपति और कागज कारखाना अमलाई के मालिक अपने निजी विमान से उतरे थे। बाद में देश के कई प्रधानमंत्री भी इस जगह पर उतरे। आज मध्यप्रदेश शासन के भावी हवाई अड्डों में शहडोल के इसी लालपुर का नाम है जहां पर 1 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे और पकरिया गांव के ग्रामीणों से न केवल संवाद किया बल्कि खटिया पर बैठकर देशी पत्तल में जनजातीय क्षेत्र के श्री अन्न कोदो का भात, कुटकी की खीर और दूसरे देशी व्यंजन खाए थे। आज शहडोल अपने नए रूप और अधिकार को पाने के लिए बांहे बिछाए सबके स्वागत को तैयार है तो लालपुर को इंतजार है कि शहडोल के विकास को हवाई जहाज के पंखों से गति मिलेताकि देश-विदेश के लोग सीधे शहडोल पहुंच सकें। वाकई शहडोल बदल रहा है और गढ़ने को तैयार है विकास के नित नए आयाम।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स

स्नान-दान का पर्व मकर सक्रांति धर्म-नगरी में उल्लास से मनाया गया

- डंकनी नदी घाट पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी
- माईजी व शनि मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
- फकीरों में तिल के लड्डू व चावल किया दान
- दिन में तिल का लड्डू तो शाम को खाई खिचड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 15 जनवरी। मकर सक्रांति का पर्व मुख्यालय समेत अंचल में 14 जनवरी मंगलवार को धुमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। ब्रम्हमुहूर्त में श्रद्धालुओं ने डंकनी नदी घाट में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान भास्कर से सुख समृद्धि की कामना की। जिसके उपरांत माई दंतेश्वरी के मंदिर पहूंच माता की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। ब्राहमणों को तिल, अन्न व वस्त्र का दान किया वहीं मंदिरों के सामने बैठे फकीरों में तिल के लड्डू, चावल, दाल व वस्त्र दान किए गए। मकर सक्रांति को लेकर बाजारों में भी रौनक छाई रही। तिल व गुड से बने लडडू, गजक व पपड़ी की जमकर बिक्री हुई। सूर्य उपासना व दान का महापर्व मकर सक्रांति हिंदुओं का विशिष्ट त्यौहार है। यह पर्व जहां सामाजिक समरसता का संदेश देता है तो वहीं यह सूर्य की दिशा बदलने और ऋतु परिवर्तन का भी पैगाम लेकर आता है। जब सूर्य धनु से मकर राशि में प्रवेश करता है तब मकर सक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मकर सक्रांति को उत्तरायण भी कहा जाता है। इस पर्व को अलग अलग प्रदेशों में अलग अलग नाम से जाता है। पंजाब में जहां उसे लोहडी के रूप में नए फसल आने की खुशी में मनाई जाती है वहीं साउथ में इसे पोंगल त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में इसे खीचड़ी पर्व का नाम दिया गया है। इस दिन सूर्यदेव उत्तरायण होकर विशेष फलदायक हो जाते हैं। शास्त्रों में उत्तरायण की अवधि को देवताओं का दिन बताया गया है। मकर सक्रांति के दिन गंगा स्नान, व्रत, कथा, दान, हवन और सूर्य उपासना करने का विशेष महत्व है। पुण्यकाल में स्नान दान, जप होम आदि को अत्यंत शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि संक्रांति के पुण्यकाल में किया गया दान दाता को सौ गुना ज्यादा प्राप्त होता है। इस दिन लोग तिल, गुड, चावल-दाल ब्राहम्णों को तथा गरीबों को दान करते हैं। मकर सक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को ब्रम्ह-मुहुर्त में श्रद्धालुओं ने डंकनी नदी तट पर पहूंच कर स्नान कर भगवान सूर्यदेवता की आराधना की और माईजी के मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन पूजन किए तत्पश्चात मंदिरों के सामने बैठे फकीरों को चावल, दाल, तिल व वस्त्र का दान किया। मकर सक्रांति के खास अवसर पर माई दंतेश्वरी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। बस्तर की यह परंपरा रही है कि किसी भी पर्व या विशेष पूजन पाठन के शुभअवसर पर नगरवासी सर्वप्रथम माता दंतेश्वरी के मंदिर पहूंच माई का आर्शीवाद प्राप्त करते हैं उसके बाद ही शुभ कार्य शुरू किया जाता है। मकर सक्रांति के दिन ब्रम्हमूहूर्त में स्नान पश्चात सबसे पहले तिल एवं चावल का स्पर्श करने की परंपरा है। मकर सक्रांति को तिल सक्रांति भी कहा जाता है क्योंकि इसमें तिल से बने पदार्थो का भी दान किया जाता है। सक्रांति के दिन तिल व गुड से बने पकवान खाई जाती है। लिहाजा सक्रांति के मौके पर घर घर में तिल से बनी लड्डू का भी जमकर लुत्फ उठाया गया। बिहार एवं झारखण्ड में इस दिन दही चूड़ा एवं दुध चुड़ा खाने की परंपरा है। वहीं रात में मूंग की दाल व नये चावल को मिलाकर इसकी खिचड़ी बनाई जाती है। और सर्वप्रथम गऊ माता को खिचडी खिलाई जाती है उसके पश्चात खिचडी का लुत्फ परिवार के लोग उठाते हैं। इसके पीछे मान्यता यह है कि चावल की तासीर ठंडी होती है और दाल की गरम। जिस तरह इस समय ऋतुओं में गरम और ठंडे का समायोजन होता है, ठीक उसी तरह का समायोजन आहार में भी किया जाता है ताकि बदलते मौसम का सेहत पर दुष्प्रभाव न पड़े।

एक नजर

कन्या शिक्षा परिसर से लापता छात्रा मिली

सुकमा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला मुख्यालय सुकमा में कुम्हाररास के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की 8वीं की छात्रा सुकड़ी कुहरामी पिता स्व. श्री पोड़िया कुरामी विगत 4 जनवरी से लापता थी। कन्या परिसर में निरीक्षण करने पहुंचे सहायक आयुक्त श्री शरतचंद्र शुक्लो को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने छात्रा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। आधार कार्ड और अन्य सुसंगत दस्तावेजों की जांच करने पर पाया गया कि छात्रा बालिग है। काफ़ी खोजबीन के बाद पुलिस को 10 जनवरी को छात्रा मिल गई है। महिला परामर्शदाताओं के द्वारा छात्रा की काउंसलिंग की जा रही है।

एमएमयू का लाभ मिल रहा लोगों को

सुकमा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा के द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन नगरीय निकाय क्षेत्र में किया जा रहा हैं। ये स्वास्थ्य शिविर चक्रीय क्रम में सुकमा, दोरनापाल और कोंटा नगरीय क्षेत्र में लगाए जाते है जिससे शहरी नागरिकों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए लोगों को अस्पताल नहीं जाना पड़ता। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के ब्लड टेस्ट की सुविधा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में थाइराइड टेस्ट, विटामिन बी12 टेस्ट, यूरिक एसिड, मधुमेह जैसे विभिन्न प्रकार के टेस्ट कर दवाइयां वितरित भी की जा रही है। मुख्य नगर पालिका श्री पीआर कोर्राम ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट लोगो के लिए बहुत लाभ दायक योजना है। योजना के अंर्तगत नगर पालिका परिषद सुकमा में अब तक कुल 727 शिविर लगाकर 39 हजार 656 नागरिको का इलाज किया जा चुका है। जिसमे 15 हज़ार 339 नागरिकों का खून जांच और 37 हजार 168 लोगों को दवाइयां वितरित किया जा चुका है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी को

सुकमा 15 जनवरी । जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025, शनिवार को सुकमा विकासखंड के 03 एवं छिंदगढ़ विकासखंड के 05 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 से होना सुनिश्चित है। इस हेतु छात्र-छात्राओं अपना प्रवेश पत्रडब्लू.डब्लू.डब्लू.नौवदय.जीओवी.इन पर जा कर डाउनलोड कर सकते है अथवा प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास सुकमा, विकासखंड शिक्षाधिकारी सुकमा और छिंदगढ़ के कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आप मोबाइल संख्या 9826200726, 7067426670 पर संपर्क कर सकते हैं। केंद्रों की सूची डीएवी एमपीएस मुख्यमंत्री सुकमा, गौवरमेट र्गलस हायर सैकेन्डरी स्कूल सुकमा, सेजस हिन्दी मिडीयम बॉयस हायर सैकन्डरी स्कूल सुकमा, सेजस गौवरमेट हायर सैकन्डरी स्कूल छिन्दगढ़, गौवरमेट गरलस हायर सैकेन्डरी स्कूल छिन्दगढ़, गौवरमेट बॉयस हायर सैकेन्डरी स्कूल तोगपाल, सेजस र्गलस ईंगलीस मिडीयम हायर सैकन्डरी स्कूल तोगपाल, सेजस ईंगलीस मिडीयम हायर सैकन्डरी स्कूल कुकानार में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

नगर में स्वयंसेवकों ने किया जिला स्तरीय पथ संचलन

बचेली , 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त जिला दंतेवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय पथ संचलन बचेली नगर में किया गया । प्रति वर्ष की भांति राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ अपने प्रारम्भ वर्ष 1925 से प्रमुख पर्व एवं उत्सवों के अवसर पर संघ शक्ति प्रकटीकरण हेतु संचलन आयोजित करता आ रहा है । इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दंतेवाड़ा जिले के बचेली नगर में वृहद् पथ संचलन का आयोजन राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त जिला दंतेवाड़ा द्वारा किया गया ।विधायक चैतराम अटामी,जिलाध्यक्ष भाजपा संतोष गुप्ता,जीतेन्द्र सिंह,मिश्रीलाल झाड़े,संतोष महापात्र,पवन महेश्वरी,भागीरथी समेत समस्त स्वयंसेवक इस पथ संचलन के महत्वपूर्ण अवसर पर सहभागी बने श्री अटामी ने कहा की हम सब पथ संचलन के सहभागी बने जो हम सभी स्वयंसेवको के लिए इतिहास निर्माण के लिए गौरव पूर्ण क्षण है ऐसे पावन पर्व पर हम सब इसके सहभागी एवं साक्षी बनकर गौरवान्वित हुए ।

बैठक में अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी

जगदलपुर 15 जनवरी । कलेक्टर श्री हरिस एस और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस समारोह) की तैयारी हेतु बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में मंगलवार को किया। बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया।

मकर संक्रांति से हुआ डंकनी नदी घाट आरती का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाडा 15 जनवरी। मकर सक्रांति के पावन पर्व से डंकनी घाट आरती का भव्य शुभारंभ मंगलवार की संध्या में किया गया जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर घाट पर पहुंचे थे। अब हर मंगलवार को सायं 6 बजे घाट आरती होगी। घाट आरती को देखने एवं आरती में शामिल होने बड़ी संख्या में भक्त नदी घाट पर उपस्थित हुए थे। आरती पश्चात सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया।

गौरतलब है कि टेंपल कमेटी के कुछ सदस्यों ने गत वर्ष कमेटी की बैठक में गंगा आरती की तर्ज पर ही डंकनी नदीघाट पर संध्या आरती किए जाने का प्रस्ताव रखा था जिसे कमेटी ने सहर्ष स्वीकार किया था। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने भी घाट आरती शुरू किए जाने के निर्णय का स्वागत किया था। बीते शारदीय नवरात्र के पंचमी तिथि पर घाट आरती की शुरूआत भी हो गई थी इसे अनवरत जारी रखना था लेकिन किन्ही कारणों से इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका था। 14 जनवरी को मकर सक्रांति के पावन त्यौहार के मद्देनजर एक बार पुनः घाट आरती की भव्य शुरूआत की गई है। संध्या में रीवर फ्रंट में लाईटों की रोशनी से नहाए हुए घाट पर एक साथ मंदिर के तीन पुजारियों की उपस्थिति में मां दंतेश्वरी की भव्य आरती वंदना, घंटी घंटाल, धूप दीप के साथ की गई। घाट पर हुए भव्य संध्या आरती देख श्रद्धालुजन काफी प्रसन्न हुए। आरती की भव्यता देखने ही बन रही थी। घाट आरती शुरू होने से अब बाहर से आने वाले श्रद्धालु एवं स्थानीय भक्तों को आरती में शामिल होने एवं भव्य आरती का नजारा देखने का सुअवसर प्राप्त हो सकेगा। मां दंतेश्वरी देवी बस्तर की आराध्य देवी तो हैं ही इनकी प्रसिद्धि विश्व विख्यात है। देश के 52 शक्तिपीठों में से एक मां दंतेश्वरी मंदिर में कारीडोर एवं रीफर फ्रंट बन जाने से मंदिर की भव्यता एवं सुंदरता में चार चांद लग गया है। रोजाना हजारों की संख्या में दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दर्शन पूजन के लिए यहां पहुंच रहे हैं। अब हर मंगलवार को घाट आरती होने से माता की नगरी में रौनक और भी ज्यादा बढ़ जाएगी निश्चित रूप से इसका फायदा मंदिर के आसपास पूजा पाठ, प्रसाद बेचने वाले व्यापारियों को होगी। मंगलवार को प्रारंभ हुए घाट आरती में जहां बड़ी संख्या में भक्त तो शामिल रहे मगर मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यगणों की गैर हाजिरी लोगों को जरूर अचंभित करती रही। वजह जानने लोग आपस में चर्चा भी करते रहे।

समाचार संक्षेप

102 मरीजों के मोतियाबिंद का किया गया सफल ऑपरेशन

सुकमा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिले के दूरस्थ वनांचलों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार फील्ड भ्रमण कर लोगों का स्वास्थ्य जांच सह उपचार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला चिकित्सालय सुकमा में 10 जनवरी शनिवार को मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर सम्पूर्ण जिले कि मोतियाबिंद के मरीज ऑपरेशन कराने के लिए पहुँचे। शिविर के माध्यम से प्रशिक्षित चिकित्सकों के द्वारा 102 मोतियाबिंद मरीजों का सफलता पूर्वक हुआ ऑपरेशन किया गया। निःशुल्क ऑपरेशन के हो जाने पर मरीजों और उनके परिजनों में खुशी देखी गई। मरीजों ने छतीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन सहित चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मोतियाबिंद ऑपरेशन को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के जॉइंट डायरेक्टर डॉ केके नाग, सीएचएममो डॉ कपिल कश्यप, सिविल सर्जन डॉ एमआर कश्यप, आई सर्जन डॉ विवेक, नेत्र सहायक अधिकारी श्री पियूष साहू, श्री चंद्र प्रकाश साहू, श्री मान सिह साहू, श्री कार्तिक डडसेना, श्री सचिन वैध, स्टॉफ नर्स दीपिका राव और ओ टी अटेंडर दूधी हूंगा का सराहनीय योगदान रहा।

महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

सुकमा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को ÷राष्ट्रीय युवा दिवस 2025÷ के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के तैल्यचित्र में दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण प्रो. शशिकांत ध्रुवे समाजशास्त्र एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों एवं स्वंयसेवकों से कहा कि हम स्वामी विवेकानंद जी के बताये आदर्शों एवं विचारों को अपनाकर अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव - 2025 के अवसर पर ÷ विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग - 2025 कार्यक्रम÷ में माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर रोहिणी चौरे, दलनायक पुष्पराज नायक, यशवंत कुमार, पांडरूम संतोष सहित सभी संकायो के विद्यार्थीगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जयंती के कार्यक्रम में उपस्थित थे।

आत्मसमर्पण के बाद मुख्यमंत्री के समक्ष दो जोड़े ने की जीवन की नई शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 15 जनवरी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और पुनर्वास की नीति से राज्य सरकार की योजनाएं सकारात्मक परिणाम दिखा रही हैं। सुकमा मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम में स्टालों के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और नक्सल पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पित दो पूर्व माओवादी जोड़ों ने अपने जीवन की नई शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नव विवाहिता जोड़े में गगनपल्ली निवासी मौसम महेश और डुब्बामरका निवासी हेमला मुन्नी ने एक-दूसरे का हाथ थामा। वहीं दूसरे जोड़े के रूप में कन्हाईपाड़ निवासी मड़कम पाण्डू और निवासी सल्लातोंग रव्वा भीमे ने भी विवाह के बंधन में बंधकर अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया। महिला एव बाल विकास विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार की राशि दी जाती है, जिसमें 07 हजार की सिंगार सामग्री, 08 हजार विवाह की व्यवस्था एवं आयोजन के लिए और 35 हजार की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में दी जाएगी।

राज्य सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति से मिली प्रेरणा

लगभग बारह साल से नक्सल संगठन से जुड़े रहने के बाद मौसम महेश, मड़कम पाण्डू ने और हेमला मुन्नी ने नौ साल तक, रव्वा भीमे ने छ- साल संगठन में रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर और नियद नेल्लानार योजना ने आत्मसमर्पित माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है। इन योजनाओं के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को न केवल रोजगार और शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं, बल्कि उनके पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।

जरूरत वाले खरीदी केंद्रों में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

जगदलपुर 15 जनवरी । कलेक्टर श्री हरिस एस ने समय-सीमा की बैठक में पीडीएस - मिलर से प्राप्त बारदाना जरूरत वाले जगहों पर बारदाना की उपलब्धता करवाने और नए बारदाने की कम खरीदी से अधिक खरीदी केंद्रों के लिए उठाने के निर्देश दिए। बैठक में खरीदी केंद्रों का टोकन कटवाने का तहसीलदार द्वारा सत्यापन की रिपोर्ट पर चर्चा किए। मौके पर धान खरीदी की एंट्री उपरांत रकबा समर्पण की कार्यवाही करें। तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन और टोकन के आधार पर समिति धान खरीदी करे, केंद्र में धान कमी का भी जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया जाना चाहिए। प्रतिदिन की सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत होनी चाहिए और फिजिकल वेरीफिकेशन की भी बोरावार जांच करवाएं तथा बहुत ज्यादा अव्यवस्थित स्टेग को व्यवस्थित करवाएं। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक ली ।

बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष शुक्ला ने शीर्ष नेतृत्व एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददातो

जगदलपुर, 15 जनवरी। नवनियुक्त बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए मैं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,संसद राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं समस्त शीर्ष नेतृत्व का दिल से धन्यवाद करता हूं प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उनके राजनीतिक जीवन को एक नई दिशा और कई महत्वपूर्ण पदों से सम्मानित किया है कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पहले, उन्होंने 1975 से 1984 तक जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में पत्रकार के रूप में कार्य कियाइसके बाद उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत हुई 999 से 2010 तक दो बार जिला पंचायत सदस्य के रूप में सेवा दी 2005 से 2010 तक बस्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का दायित्व निभाया 2014 से 2019 तक नगर पंचायत बस्तर के उपाध्यक्ष पद पर कार्य किया 2011 से अब तक बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी को अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही, वे जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं नवनियुक्त बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष के रूप में कृतज्ञता व्यक्त

जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध

शुक्ला ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ जनता के कल्याण के मुद्दों को सजगता, सतर्कता और पारदर्शिता के साथ सत्ता में बैठे जिम्मेदारों तक मजबूती से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस पार्टी के आदर्शों का पालन करते हुए, लोककल्याण के लिए कार्य करता रहूंगा और जनता के विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा

जिला जेल में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सुकमा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवस पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, पिरामल फाउंडेशन और लेप्रा सोसायटी जिला सुकमा के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को जिला जेल सुकमा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बंदियों का स्वास्थ्य जांच सह उपचार किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में जिला जेल सुकमा के 311 बंदियों की स्क्रीनिंग कर मलेरिया, कुष्ठ ओर टीबी की जाँच कर उन्हें इन बीमारियों के लक्षण, उपचार और जांच के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। इसके साथ ही लक्षण वाले 30 मरीजों को फाल्कन ट्यूब देकर उनका सैंपल कलेक्शन किया गया। इस शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी तथा जिला टीबी अधिकारी डॉ. भीमाराम बारसे, चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष ठाकुर, पीएमडीटी, टीबी , एचआईव्ही समन्वयक श्री जयनारायण सिंह, एस.टी.आई परार्मशदाता कौशल्या चंद्राकर, फार्मासिस्ट श्री अनुग्रह सिंह, एल. टी.ललित दुवारी, वॉलेंटियर अनिल सोयम, पिरामल फाउंडेशन से श्री राजेश सोलंकी और श्री अमोल बोरकर व लेप्रा से श्री अमित कुंदू उपस्थित थे।

एक नजर

दिनदहाड़े की लूट की कोशिश

भिलाई, 15 जनवरी। दुर्ग धमधा थाना अंतर्गत तरकोसी गांव में तीन युवकों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर लूट की कोशिश की जब महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसका सिर फोड़ दिया और फरार हो गए रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 109 , 3(5),331 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है धमधा पुलिस ने बताया कि तरकोसी गांव में नोहर दास कुर्रे के घर में कुछ लोगों ने हथियार के साथ लूट की कोशिश की इतना ही नहीं उन्होंने शोर मचाने पर महिला को बुरी तरह घायल कर दिया है धमधा पुलिस तुरंत बेरला सीएचसी पहुंची वहां उन्होंने देखा कि कुमारी बाई कुर्रे के सिर पर काफी गहरी चोट लगी है पूछताछ में नोहर ने बताया कि वह नेवनारा स्थित लोहिया पेपर मिल में गाड़ी चलाने का काम करता है वह रोज की तरह सुबह 7.30 बजे ड्यूटी पर गया हुआ था। दोपहर डेढ़ बजे उसके बेटे देवेन्द्र कुर्रे का फोन आया। उसने बताया कि एक मोटर साइकिल में सवार होकर तीन लड़के आए। एक लड़का घर के बाहर बाइक स्टार्ट करके खड़ा था। दो लड़के हाथ में महिला ने शोर मचाया तो आरोपियों ने सिर पर वार कर किया घायल रॉड व हथियार लेकर घर के अंदर घुसे थे वे लोग घर का सामान ले जाने की नियत से घुसे थे इससे पहले की वे कुछ ले जा पाते, आवाज आने पर मां कुमारी बाई वहां पहुंच गई और उसने कौन है करके शोर मचाया जैसे ही कुमारी बाई ने शोर मचाने की कोशिश की दो लड़के उनके पास आए और हाथ में लिए डंडानुमा हथियार से उसके सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया डंडे के वार से कुमारी बाई के सिर पर काफी चोट आई और बायीं तरफ चोट लगने से खून निकलने लगा इसके बाद मोटर साइकिल से तीनों लड़के भाग गये। तब तक घर के लोगों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर गांव का बीजे डेहरे व देवेन्द्र कुर्रे वहां पहुंचे और घायल कुमारी बाई को इलाज के लिए बेरला सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लेकर पहुंचे। पुलिस ने जब कुमारी बाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह आरोपियों को नहीं पहचानती है। दो लड़के घर में घुसे और उसके ऊपर हमला कर दिए। वे लोग कुछ सामान ले जाने के लिए घुसे थे। तीन लड़के एक ही बाइक से आये थे। तीनों ने काले कपड़े से चेहरा बांधकर रखा था। एक लड़का बाइक को स्टार्ट कर बाहर खड़ा था। जैसे ही दोनों लड़के आए वो बाइक से फरार हो गए आरोपियों का पता नहीं चल पाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है

ग्राम पंचायत में सामान्य नहीं रहते और कर दिया सामान्य

बीजापुर। गोंड,धुर्वा, हल्बा,और जो ओबीसी केटेगरी मे आते वह कुम्हार, यादव, कलार,जहां पर ओबीसी वह समान्य कर दिया गया।कोई भी समान्य वर्ग के जाति के लोग ग्राम पंचायत मे निवास नहीं करते हैं और ओबीसी समाज का आरक्षण खत्म करना यह सरकार की सोची समझी साजिश है ओबीसी वर्ग को खत्म करने की। हमे एक जुट होकर हमारे भविष्य हमारे बच्चों को न्याय दिलाने सामने आना पड़ेगा आज हमे जनप्रतिनिधि बनने से रोका जा रहा है कल यह हमारे बच्चों की डिग्री और नोकरी से रोका जायेगा।यह लड़ाई एक समाज की नहीं है यह सर्व ओबीसी समाज की यह मेरे गांव की पीड़ा है जो मेने व्यक्त की है यह पूरा छत्तीसगढ़ मे ओबीसी का आरक्षण खत्म करना आने वाले दिनों के लिये शुभ संकेत नहीं है सरकारे आयेंगी जायेंगी लेकिन समाज आपके साथ जन्म से लेकर मरने तक आपके साथ रहेगा

भारतीय रेडक्रास सोसायटी प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

महासमुंद 15 जनवरी । कलेक्टर एवं जिला शाखा अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि कार्यकारिणी के लोग एवं रेडक्रॉस के स्वयं सेवक असहाय एवं पीड़ित मानवता की सहायता के लिए काम करते आ रहे है।

बैठक में सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए।उक्त बैठक में जिला शाखा के पदाधिकारीगणए सदस्यगण एवं अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए।

तहसीलदार की कार्रवाई का चौतरफा विरोध, गंगालूर के आदिवासी ग्रामीण के घर को जेसीबी से तुड़वाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 15 जनवरी । सोमवार को बिना किसी. नोटिस के तहसीलदार गंगालूर ने कोवापारा निवासी सोमलू हेमला के निर्माणाधिन घर को जेसीबी मशीन से धाराशायी कर दिया जबकि ग्राम पंचायत गंगालूर ने एक प्रस्ताव पास कर उक्त ग्रामीण को पटटा देने की कार्यवाही की थी बावजूद तहसीलदार ने आननफानन मे गरीब आदिवासी का घर.उजाड़ दिया. इस कार्यवाही का पता लगते ही पूरे गंगालूर क्षेत्र मे ग्रामीणों मे आक्रोश पनपा इस घटना के विरोध मे मंगलवार को कोवापारा चौक मे ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया चुंकि मंगलवार को गंगालूर मे साप्ताहिक बाजार लगता है इससे सैकड़ो बाजार गाडियों जाम मे फंसी. रही इस घटना की जानकारी मिलते ही बीजापुर कुछ भाजपा नेता धरना स्थल पहुंचे और ग्रामीणों के आंदोलन का समर्थन करते दो दिन का समय मांगा और सबंधित लोगों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन को स्थगित किया इधर पत्रकारों से चर्चा करते हुए सोमलू हेमला ने आरोप लगाया कि पटवारी और तहसीलदार ने पैसे की मांग की थी इंकार करने पर घर को तोडा गया।यहां बतादे यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है किसी भी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत की अनुमति लेनी होती है बावजूद तहसीलदार ने एक तरफा कार्यवाही कर एक नये.विवाद को जन्म दिया है इस घटना से आदिवासी समाज मे भी असंतोष उभर रहा है क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने भी आदिवासी ग्रामीण के घर को तोडे जाने का निंदा की है साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आदिवासियों पर लगातार अत्याचार कर रही है पीडित आदिवासी को न्याय मिले और सरकार मुआवजा दे यदि दो दिवस के अंदर कार्य वाही नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जायेगा।

दिवंगत पत्रकार मुकेश की तेरहवीं विभिन्न राज्यों के पत्रकार भी होंगे शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 15 जनवरी । आज दिवंगत पत्रकार साथी मुकेश चंद्रकार की तेरहवीं का आयोजन किया गया है इस शांति भोज कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के पत्रकार भी शामिल रहेंगे प्रैस कल्ब बीजापुर ने इस श्रंद्धाजलि कार्यक्रम का आयोजन किया है इसमें बस्तर संभाग के पत्रकार भी मौजूद रहेंगे कार्यक्रम के पश्चात मुख्य मंत्री के नाम कुछ मागो को लेकर कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा यहां विदित हो मुकेश हत्याकांड के पश्चात पत्रकारों पर हो रहे हमलों को देखते पत्रकारों मे भारी आक्रोश है सभी सगंठनों ने इस घटना की निंदा की ही इधर मुख्यमंत्री ने मुकेश के परिजनों को दस लाख.रुपये देने की घोषणा करते मुकेश के नाम से पत्रकार भवन बनाने की भी स्वीकृति दी है मुख्य मंत्री की यह पहल स्वागत योग्य है परंतु दस लाख की सहायता राशि प्रर्याप्त नहीं है इस पर मुख्यमंत्री जी को पुनः विचार करना चाहिए और पत्रकारों के हित मे पत्रकार सुरक्षा कानून जैसे पुरानी मांग को तत्काल लागू किया जाना चाहिए छत्तीसगढ़ सहित बस्तर जिले के पत्रकार विषम परिथितियो मे अपनी जान जोखिम में डाल कर कार्य करते है उनकी सुरक्षा और मानदेय भी देने पर विचार हो ताकि पत्रकार भी अपना परिवार चला सकें

इंद्रावती में डूबने से नाबालिग लड़की की मौत,शव की तलाश में 24 घंटे से जुटी SDRF की टीम

दंतेवाड़ा 15 जनवरी। जिले के। छिंदनार से होकर बहने वाली इंद्रावती नदी के बड़े करका घाट में 17 साल की नाबालिग लड़की डूब गई है। घटना मंगलवार की बताई जा रही है जब छिंदनार में इंद्रावती नदी के बड़े करका घाट के किनारे मंगलवार को कुछ ग्रामीणों के साथ लड़की पिकनिक मनाने पहुंची थी।लड़की का नाम राधा यादव बताया जा रहा है।इसी दौरान ग्रामीणों के साथ नावालिग लड़की भी नहाने के लिए नदी में उतर गई और गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गई। ग्रामीणों ने उसकी तलाश की मगर वह नहीं मिली । जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।पुलिस को सूचना मिलते ही वह गोताखोरों की टीम के साथ बड़े करका पहुंची और लड़की की तलाश शुरू की,परन्तु अंधेरा होने की वजह से मंगलवार को बचाव कार्य रोकना पड़ा।आज सुबह से ही स्ष्ठक्रस्न के जवान घटना स्थल पहुंचे और लड़की तलाश दोबारा शुरू की है। इस दौरान लड़की के परिजन और ग्रामीणों बड़ी संख्या में घटना स्थल में मौजूद

जहाँ गूँजती थी नक्सलियों की गोलियों की आवाज वहां बजेगी फोन की घंटी

सुकमा। अतिसंवेदनशील इलाकों मे लगातार खुल रहे नवीन कैंपों के बाद खुल रहे विकास के नये द्वार जिला मुख्यालय से लगभग कटऑफ़ हो चुके गाँव विकास से जुड़ने लगे है,सुकमा पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के अथक प्रयास से नियद नेल्लानार के तहत सलातोंग एवं बेदरे मे लगा जियो टॉवर,अब बाक़ी बड़े शहरों के युवाओं की तरह सलातोंग और बेदरे के युवा भी बहतर पढ़ाई के लिए मोबाईल से शिक्षा हासिल कर सकेंगे।अत्याधुनुनिक युग से जुड़ेंगे अतिसंवेदनशील माना जाने वाला इलाक़े के ग्रामीण।लगातार सुकमा एसपी किरण चव्हाण के प्रयास से नक्सली उन्मूलन के साथ साथ विकास नियद नेल्लानार के तहत पहुँच रहा अंदरूनी गाँवों तक।

भाजपा जिला की बैठक एवं संविधान गौरव दिवस कार्यशाला आयोजित

महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी महासमुंद जिले की महत्वपूर्ण आवश्यक बैठक एवं संविधान गौरव दिवस कार्यशाला मंगलवार को वन काष्ठगारए डिपोपारा पिथौरा में संपन्न हुई। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई। पहले सत्र में जिला पदाधिकारियों की बैठक हुईए जिसमें आगामी त्रिस्तरीय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में संविधान गौरव दिवस कार्यशाला आयोजित हुईए जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संविधान की महत्ता और आगामी चुनावों में संगठन की भूमिका पर अपने विचार रखे।

शिव मंदिर से चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त से बाहर

डोंगरगढ़, 15 जनवरी। मोहारा चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढारा में ढारा घोटिया मुख्य मार्ग पर स्थित शिव मंदिर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ दानपेटी सहित अन्य सामानो की चोरी कर ली गई थी और चोरी की घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को चोरो का सुराख नहीं मिला है जिससे गांव में पुलिस की नाकामी का चर्चा खास बना हुआ है. सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि 28 दिसम्बर 2024 को शिव मंदिर समिति के द्वारा शिव मंदीर में हुई चोरी की सूचना पुलिस को दी गई थी और लिखित शिकायत में बताया गया था कि 27 दिसम्बर 2024 दिन शुक्रवार शनिवार की दर्मियानी रात्रि अज्ञात चोरो के द्वारा मंदिर

का ताला तोड़कर मंदिर में रखे दानपेटी जिसमें लगभग 10 हजार रु सहित घंटी,थाली,कलश व पूजा की अन्य सामाग्री लगभग कुल कीमती 25 हजार की चोरी कर ली गई है. पुलिस ने चोरी की शिकायत पर विवेचना जारी कर दिया गया था. वहीं गांव वाले के द्वारा खोजबीन करने पर ईटभट्ठी के पीछे खार से खाली दानपेटी जप्ती बनाने में सफलता प्राप्त हुई थी.

गांव में अन्य राज्य से से आए लोगों का बसेरा-बताया जाता है कि ग्राम ढारा में अन्य राज्य से आए हुए परिवारों का रैन बसेरा बना हुआ है जो गांव की जमीन पर किसान को कुछ रूपयो का लालच दे मजदूरी के नाम पर राजस्व विभाग को बिना सूचना दिए बेखौफ लाल ईट का निर्माण कर रहे है. बताया जाता है कि किसान अपनी जमीन देकर इनमें से मुख्य दो लोगों के नाम की जानकारी पुलिस तक पहुंचाते है बाकी की पहचान गुप्त होती है जिससे कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है. माह भर के अंदर दर्जनों खेतों से केबल वायर की चोरी-बताया जाता है ग्राम ढारा के आसपास खेतों से केबल वायर व ट्युब्लू पंप चोरी की घटना एकाएक शुरू होने से ग्रामवासी हैरान व परेशान है. ग्राम वासियो ने बताया कि माह भर के अंदर ही दर्जनों किसानों के खेतों में लगे पंप व केबल वायर की चोरी अज्ञात चोरो ने कर ली है और पुलिस में शिकायत देने के बाद भी खेतों से पंप व केवल वायर चोरी होना बंद नहीं हुआ है.

शीघ्र ही चोरी के आरोपी पकड़े जायेंगे- ढालसिंग उपनिरीक्षक चौकी मोहारा

इस मामले पर उपनिरीक्षक चौकी मोहारा के द्वारा बताया कि पुलिस अज्ञात चोरो की पता तलाश में लगी है और जल्द ही आरोपी पकड़े जायेंगे।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

बीजापुर, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए एल डब्ल्यूई सर्वे का त्रुटिरहित सर्वे प्राथमिकता के साथ करने सर्वे का अवलोकन समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को करने एक्सल शीट एवं आनलाईन पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए । सर्वे में पात्र अपात्र एवं लाभान्वित की जानकारी उल्लेखित करने तथा सर्वेक्षित परिवारों के आधार कार्ड , बैंक पासबुक एवं वोटर आईडी शतप्रतिशत बनाने की निर्देश दिए । नियद नेल्लानार गांव में संचालित विकास कार्ए्यो एवं निर्माणधीन अधोंसरचना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कावडगांव , मुतवेंडी , डुमरीपालनार , पालनार , पदेड़ा , काउरगट्टा , सावनार , तोडका, करका , दुगोली , गुण्डम , पेद्दागेल्लूर , चुटवाही सहित योजनान्तर्गत शामिल समस्त गांवों में विद्युतीकरण , स्कूल , आंगनबाड़ी , राशन दुकान सहित पीएम आवास , व्यक्तिगत शौचालय , सोलर हाई मास्ट मोबाईल टॉवर सहित स्वीकृत निर्माण कार्यों के जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य जहां प्रारंभ है। समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा जहां स्वीकृत होना शेष है वहां स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही जल्द करने के निर्देश दिए।आरबीसी 6-4 के तहत लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण कर पीडीत परिवार को मुआवजा राशि स्वीकृत करने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए।प्रशासन की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक हो शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हो इसके लिए ब्लाक मुख्यालय के सूदूर क्षेत्रों का चिन्हाकन कर जन चैपाल एवं जन सुविधा शिविर लगाने के निर्देश दिया ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी मांगों , आवेदनों एवं समस्याओं के लिए ब्लॉक अथवा जिला मुख्यालय आना न पड़े पेशंन प्रकरण , दिव्यांग, प्रमाण पत्र , सहायक उपकरण का वितरण सहित आधार कार्ड , राशन कार्ड , आयुष्मान कार्ड , एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानाकारी ग्रमीणों तक पहुंचे मौके पर आवश्यक औपचारिक्ता पूर्ण कर योजनाओं को सुगमतापूर्वक ग्रामीणों तक पहुंचाकर लाभान्वित किया जा सके।पोषण पुनर्वास केन्द्रो में अनिवार्य रूप से गंभीर कुपोषित बच्चों को दर्ज कराने एवं कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए पालकों को प्रेरित एवं जागरूक करें। समस्त आवासीय विद्यालयों में शतप्रतिशत मलेरिया जांच , स्वास्थ्य जांच करने टीबी मुक्त बीजापुर अभियान एवं 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले शिशु संरक्षण माह में 0-5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार , एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगंण , समस्त विभाग के एसडीएम डिप्टी कलेक्टर , तहसीलदार , एवं सीईओ नगरीय -निकाय उपस्थित थे।

स्वच्छता दीदी घर-घर जाकर लोगों को बता रही है स्वच्छता का महत्व

बीजापुर, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरपालिका परिषद बीजापुर में स्वच्छता दीदीयों की पहल ने एक नई दिशा दी है। यह अभियान न केवल कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक भी कर रहा है। नगरपालिका

बीजापुर के सभी 15 वार्डों में स्वच्छता दीदी रोजाना घर-घर जाकर कचरा संग्रहण का कार्य कर रही हैं। इस प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए ई-रिक्शा, ऑटो टिप्पर और ट्राइसाइकिल जैसे संसाधन प्रदान किए गए हैं। नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। स्वच्छता दीदी घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाने और समय पर कचरा बाहर रखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। साथ ही, उन्हें रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिए शिक्षित किया जा रहा है। इस पहल ने स्वच्छता दीदीयों को रोजगार के अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उनकी मेहनत और जागरूकता अभियानों के चलते बीजापुर में स्वच्छता को लेकर सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिलाई नशामुक्त भारत की शपथ

बीजापुर, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति का बैठक कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । सभी सदस्यों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को नशामुक्त भारत अभियान के क्षेत्र में व्यापक प्रचार -प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग को समय-समय पर नशा उन्मूलन के क्षेत्र में रैली , प्रतियोगिता , नुक्ड़-नाटक इत्यादि करने एवं जिले को नशामुक्त बनाने 15 सीटर नशामुक्त केन्द्र की स्थापना की गई है। नशे के चपेट में आए लोगों को उक्त पुनर्वास केन्द्र में जाकर समाज के मुख्यधारा में जुडने के लिए प्रेरित करने को कहा गया । उपस्थित अधिकारियों को कलेक्टर ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा नहीं करने एवं समाज को नशामुक्त करने का शपथ दिलाई।

सुरक्षा बलों ने माओवादियों के नापाक मंसूबो को किया विफल

बीजापुर, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत कैम्प मुतवेंडी केरिपु 85 वाहिनी के द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान 05 किग्रा का आईईडी किया बरामद।सुरक्षा कैंप मुतवेंडी से केरिपु 85 वाहिनी की टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी। ड्यूटी के दौरान मुतवेंडी मार्ग से 20 मीटर की दूरी पर माओवादियों के द्वारा लगाये गये 05 किग्रा का आईईडी बरामद किया गया। केरिपु 85 वाहिनी की बीडी टीम द्वारा बरामद आईईडी को मौके पर सुरक्षित नष्ट किया गया।माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की

नीयत से ढ्ढश्वष्ठ प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए गये थे । सुरक्षा बलों की सूझबूझ एवं सतर्कता से समय पर आईईडी को बरामद कर नष्ट किया गया

वित्त मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा कर कहा-समय के साथ गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

रायगढ़, 15 जनवरी। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी लगातार दूसरे दिन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी सचिव रायगढ़ श्री रजत कुमार भी उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जिले में चल रहे प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ऑक्सीजोन निर्माण कार्य को निर्धारित शेड्यूल अनुसार कार्य करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नालंदा परिसर एवं वहां बनने वाले ब्रिज की जानकारी ली। उन्होंने केला परियोजना अंतर्गत नहरों के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नव गुरुकुल, कोचिंग सेंटर की जानकारी लेते हुए लाइक्लीवुड कॉलेज में संचालित प्रयास विद्यालय हेतु जगह का चिन्हांकन कर कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि प्रयास विद्यालय में प्रवेश हेतु आवश्यक तैयारी करवाए ताकि जिले के अधिक से अधिक बच्चों को प्रयास विद्यालय में प्रवेश मिल सके। इस दौरान उन्होंने डिग्री कॉलेज के उद्घयन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने मेडिकल कालेज में सुविधाओं के विस्तार के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अंडर ग्राउण्ड विद्युत लाईन शिफ्टिंग, मल्टी लेवल पार्किंग, कला एवं संगीत महाविद्यालय एवं आईटीआई लोईंग के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले के विभिन्न गांवों को जोडने वाले सड़कों के संबंध में पीएमजीएसवाय के अधिकारी से जानकारी ली, ताकि सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इस दौरान उन्होंने रायगढ़ स्टेडियम, दीदी सदन, महतारी सदन के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से पहाड़ मंदिर को विकसित करने हेतु बनायी कार्ययोजना की जानकारी ली।प्रभारी सचिव रायगढ़ श्री रजत कुमार ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय कार्यों के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दें ताकि पात्र हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जिले में स्वीकृत पीएम आवास के लक्ष्य, स्वीकृति एवं पूर्ण कार्यों की विकासखण्ड वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में पीएम आवास में अच्छी प्रगति है। इस दौरान उन्होंने कम प्रगतिरत विकासखण्ड में विशेष फोकस करने के साथ ही पहली किस्त पश्चात कार्य पूर्ण होने एवं दूसरे किस्त जारी अंतराल के कारण होने वाले देरी की समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत श्रम एवं सामग्री भुगतान के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अपूर्ण कार्यों को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हमें ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए बेहतर कार्य करना होगा, ताकि लोगों को शासन की योजनाओं का सरलता से लाभ मिल सके। उन्होंने स्व-सहायता समूहों के बैंक लिंकेज बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग से पंजीकृत किसान एवं खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने धान उठाव पर विशेष फोकस कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल ने बताया कि जारी टीओ एवं डीओ अनुसार उठाव कार्य जारी है। जिले में अभी तक टीओ एवं डीओ के माध्यम से 71.52 प्रतिशत धान का उठाव किया जा चुका है। प्रभारी सचिव श्री रजत कुमार ने अपार आईडी जनरेट की समीक्षा करते हुए प्रगति एवं आने वाली समस्याओं के संबंध में शिक्षा विभाग से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विसंगति के संबंध में कैम्प लगाकर कार्य करें। उन्होंने जिले में परीक्षा परिणाम सुधार हेतु आयोजित होने वाले प्री-बोर्ड परीक्षा की जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने बताया कि कार्ययोजना बनाकर बच्चों को तैयारियां करवायी जा रही है। प्रभारी सचिव ने शिक्षकों के ट्रेनिंग एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने विभाग अंतर्गत विभिन्न कौशल प्रशिक्षण में पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।प्रभारी सचिव श्री रजत कुमार ने नगरीय प्रशासन की समीक्षा करते हुए पीएम आवास शहरी की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निकायवार लंबित एवं अप्रारंभ कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र के सीसी एवं बीटी सड़क के मरम्मत कार्यों को बारिश से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारिता विभाग से नवीन पंजीकृत समितियों की जानकारी ली। उन्होंने समिति पंजीकरण के संबंध में वन विभाग को निर्देशित किया। प्रभारी सचिव ने राजस्व विभाग में अनुविभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी एसडीएम, तहसीदार को कोर्ट में बैठने हेतु दिन निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अभिलेखागार के कम्प्यूटरीकरण की जानकारी लेते हुए डायवर्सन हेतु समय-सीमा निर्धारित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत ई-केवायसी, आधार सीडिंग, प्रधानमंत्री फसल बीमा की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारी को बेहतर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति के साथ ही अन्य विभागों की भी समीक्षा करते हुए विभागीय योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

रायपुर 15 जनवरी। छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और यहां का गौरवशाली इतिहास हर किसी को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मोदी की गारंटी के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे छत्तीसगढ़ को जानने के लिए देश में हर कोई बेताब रहता है। इसकी बड़ी झलक प्रयागराज महाकुंभ के दौरान छत्तीसगढ़ पैवेलियन में देखने को मिल रही है। प्रयागराज के सेक्टर 6 महाकुंभ में लक्ष्मी द्वार के पास भारत सरकार के कलाग्राम के सामने छत्तीसगढ़ पैवेलियन स्थित है। इसके प्रवेश द्वार को छत्तीसगढ़ की पहचान गौर मुकुट का रूप

दिया गया है जो दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। प्रवेश द्वार पर ही भारत के नियाग्रा कहे जाने वाले बस्तर के चित्रकोट वाटरफाल की तस्वीरप लगी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गयी है और प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ राज्य की चार इंद्र देवियां मां महामाया, मां चंद्रहासिनी, मां दंतेश्वरी और मां बम्लेश्वरी की फोटो और उनकी जानकारी दी गयी है।

पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही बांयी तरफ छत्तीसगढ़ के जीवंत ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया है। यहां पर परंपरागत ग्रामीण जीवन के साथ ही आदिवासी कला, संस्कृति, आभूषण, वस्त्र समेत एक संपूर्ण गांव का चित्रण स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रदर्शनी में प्रवेश करने के पहले बस्तर के ढोकरा शिल्प और राजकीय पशु तथा पक्षी को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं विशेषतर मोर आवास मोर अधिकार योजना, 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी योजना की जानकारी दर्शायी गयी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक विरासत के रूप में सिरपुर और जैतखाम की प्रतिकृति को बनाया गया है। स्थानीय लोग और देश भर से आए श्रद्धालू छत्तीसगढ़ को ज्यादा से ज्यादा करीब से जान पाएं इसके लिए वर्चुअल रियेलिटी हेडसेट और डोम के भीतर 180 डिग्री वीडियो के माध्यम से शासन की योजनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य की जानकारी साझा की जा रही है। इन तकनीकों के जरिए छत्तीसगढ़ को जानने के लिए स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह है और लोग लंबी लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं।

एक नजर

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई जारी

बलौदाबाजार 15 जनवरी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 13.01.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं सीट बेल्ट लगाए बिना चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 07 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?2100 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 07 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?2100 समन शुल्क, नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?3600 समन शुल्क वसूल एवं सीट बेल्ट लगाए बिना चार पहिया वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?6000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 13.01.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 56 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?21,200 समन शुल्क वसूल किया गया है जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

पौसरी में यातायात जागरूकता के लिए लोगों को नियमों की जानकारी दी

बलौदाबाजार 15 जनवरी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में दिनांक 04.01.2025 से 31.01.2025 तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 14.01.2025 को सड़क सुरक्षा माह के ग्यारवें दिन ग्राम पौसरी में यातायात जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात सिमगा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बांयि दिशा का प्रयोग करे, चलने के लिए फूटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दांयि-बाये से कोई वाहन तो नहीं आ रही है। सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। आप सभी अपने बच्चों को समझाइश देवे कि बच्चे मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े, वाहन से बाहर हाथ न निकाले, वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे , स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।

श्री सीमेंट संयंत्र में कार्यक्रम आयोजित कर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की

बलौदाबाजार 15 जनवरी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में दिनांक 04.01.2025 से 31.01.2025 तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 14.01.2025 को सड़क सुरक्षा माह के ग्यारवें दिन श्री सीमेंट संयंत्र के ट्रक यार्ड में यातायात जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भारी वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों को यातायात के समस्त नियमों का भली-भांति पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र एवं रहवासी क्षेत्र में संयमित गति से वाहन चालान करने हेतु कहा गया। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बांयि दिशा का प्रयोग करे। वाहन में सामान्य रिपेयरिंग के सभी आवश्यक सामान रखें। भारी वाहन के मार्ग में खराब हो जाने पर तत्काल उसे सड़क मार्ग से सुरक्षित स्थल में पार्क करते हुए तत्काल मोटर मैकेनिक को सूचित करें। वाहन खराब होने पर किसी भी स्थिति में झाड़ डंगाल आदि संकेतक के रूप में लगाने का प्रयोग ना करें। साथ ही ढाबा आदि में खाना खाने के दौरान अपने भारी वाहन को निर्धारित स्थल में ही पार्क करें। किसी भी स्थिति में रोड के किनारे वाहन को पार्किंग ना करें। रात में चलने के दौरान डीपर लाइट का प्रयोग करें। चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

जो इंसान कभी हार नहीं मानता सफलता उसके ही कदम चूमती है: जनक ध्रुव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा 15 जनवरी। छुरा नगर के निजी कचना धुरवा महाविद्यालय में शुक्रवार को 19वीं वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि बिन्द्रनावगढ़ विधायक जनक राम ध्रुव शामिल हुए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लक्षकुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, ब्रम्हानंद साहू सामाजिक कार्यकर्ता,प्रदेश प्रतिनिधि यशपेन्द्र शाह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान, ब्लाक पत्रकार संघ अध्यक्ष व महाविद्यालय पालक प्रतिनिधि नरेंद्र तिवारी,जनपद पंचायत सदस्य नीलकंठ सिह ठाकुर, पार्षद अशोक(मक्खू) दीक्षित, हरीश यादव,खरखरा सरपंच केदार ध्रुव,आदिवासी नेता अगहन सिह ठाकुर, यादव समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद यादव ,कांग्रेस नेता खेद नेगी उपस्थित रहे।कचना धुवा महाविद्यालय परिवार द्वारा समस्त अतिथियों का आतिशबाजी कर

पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली से बनाये गए मनमोहक कला कृतियों का अवलोकन किया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभा सम्मान के तहत छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नगर के पत्रकारों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया ।

महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें सत्र 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ छात्र घनश्याम एवं छात्रा गुनिता ध्रुव एवं कला के क्षेत्र में गूँजा ध्रुव दिया गया।

वही खेल में राष्ट्रीय स्तर तक विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा कु.खेमिन पटेल एवं दिवाकर दादा को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव ने महाविद्यालय परिवार को 19वी वार्षिक स्नेह सम्मेलन की बधाई देते हुए कहा कि इस आदिवासी विकास खंड में उच्च शिक्षा का अलख जगाने में कचना धुरवा महाविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस महाविद्यालय को क्षेत्र का पहला महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। विधायक ध्रुव ने महाविद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय धरम लाल साहू की धर्मपत्नी पार्वती साहू का साल व श्रीफल भेटकर सम्मान किया।उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित पालको को संबोधित करते हुए कहा कि हर इंसान का एक इतिहास होता है।शिक्षा का मतलब केवल सरकारी नौकरी नही है।एक सफल व्यक्ति बनने के लिए उच्च शिक्षा ग्रहण करना आवश्यक है।यह समय सीखने का होता है।अच्छे शिक्षा के साथ साथ अच्छे अनुभव का आनंद छात्र जीवन मे ही होता है।

पी.सी.सी.अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए जीवन मे सतत् आगे बढ़ते हुए माता-पिता का नाम रोशन कर की बात कही।आदिवासी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि उच्च शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य अपने भविष्य के लिए किसी की क्षमताओं को बढ़ाना है,एक स्कूल में छात्र कई तरह से सिख सकते है, अपने व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करने वाले अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीख सकते है।

वार्डों की सफाई नियमित की जा रही

भखारा 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पंचायत भखारा में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर में तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। नगर पंचायत भखारा के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ प्रतिदिन नगर के व्यावसायिक परिसर,हाट बाजार,चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थल का रात्रिकालीन सफाई कार्य किया जा रहा है।

चर्रा में शाकंभरी जयंती पर मरार पटेल समाज ने शोभायात्रा निकाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा 15 जनवरी। शाक सब्जी की देवी एवं मरार पटेल समाज की ईष्ट देवी माँ शाकम्भरी महोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम चर्रा (कुरुद) में सोमवार को मरार पटेल समाज के द्वारा हर्षोल्लास से शाकम्भरी महोत्सव मनाया गया। मरार पटेल समाज के द्वारा आयोजित शाकम्भरी महोत्सव में समाज की मातृशक्तियों में नारी शक्ति का परिचय देते हुए प्रातः 11बजे से माँ शाकम्भरी की कलश शोभा यात्रा प्रारंभ किया।शोभायात्रा के दौरान कलश विभिन्न प्रकार के सब्जियों से सजे नजर आये।तत्पश्चात मां शाकंभरी की पूजन अर्चना पश्चात मरार पटेल समाज भवन में भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया गया इसके

पश्चात संध्या 7 बजे मानस गान का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पटेल समाज के लोग एवं ग्रामवासी भक्तिमय संगीत में डूबे रहे।उक्त कार्यक्रम में पटेल मरार समाज बारना राज के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित मोहन पटेल,नेमीचंद पटेल,हीरालाल पटेल,ओमप्रकाश पटेल,नरेन्द्र पटेल,ईश्वर पटेल,किसुन पटेल, गंगाराम पटेल,ओंकार पटेल, रैनसिंह पटेल सेवक पटेल,हरी पटेल,तामेश्वर पटेल,दुकालू पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए शिविर आयोजित

बलौदाबाजार 15 जनवरी। यातायात नियमों का समुचित पालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जिले में यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में आमजनों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की सुलभ सुविधा प्रदान करने हेतु आज दिनांक 14.01.2025 को थाना पलारी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य आवेदकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर एवं शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवा कर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसमें सबसे विशेष बात यह रही कि लाइसेंस बनवाने के लिए शिविर में आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ा एवं छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भी बड़े उत्साह एवं बढ़-चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501092100021/ अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जसदीप सिंह भाटिया पिता कल्याण सिंह भाटिया, उम्र 46 वर्ष, जाति सिक्ख निवासी खड़ूपारा पारा वार्ड नं 12 तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम डोंगरगढ़ प ह नं 25 रा.नि.म. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में खन. 644/10 रकबा 0.1160 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 644/10 रकबा 0.1160 हे. भूमि में से 0. 0460 हेक्टेयर कृषि भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा ग्राम डोंगरगढ़ प. ह. नं 25 रा. नि. मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 644/10 रकबा 0.1160 हे. में से 0.0450 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 07/02/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501092100015 / अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जानकी गढ़पायले पति गरीबदास गढ़पायले, जाति महार, निवासी संजय नगर, वार्ड नंबर 09, डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के भूमि स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम छीरपानी, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नं-14/8 का रकबा 0.0140 हेक्टेयर - कृषि भूमि स्थित है। आवेदक अपने स्वामित्व व आधिपत्य की उक्त भूमि खसरा नं. 14/8 का रकबा 0.0140 हेक्टेयर को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करवाना चाहती है। आवेदिका द्वारा उपरोक्त भूमि ग्राम-छीरपानी, प.ह.नं.-24 तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नं-14/8 का रकबा 0.0140 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, बी-1, नक्शा, खसरा एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 29/01/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/ 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़

सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रहे आवासों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 15 जनवरी। सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी, रवान एवं भरसेली में बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से घर- घर जाकर आवास निर्माण के सम्बन्ध में चर्चा किया और उप अभियंता, तकनीकी सहायक, आवास मित्र को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप आवास निर्माण कार्य किए जाने के साथ ही साथ रोजगार सहायकों को 90 दिवस की मजदूरी मनरेगा के तहत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की

महिलाओं से भी उनके द्वारा किये जा रहे गतिविधियों के संबंध मे चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान सी ईओ जनपद पंचायत बलौदाबाजार श्री फकीर चरण पटेल, आवास समन्वयक श्री दुर्गाचरण डनसेना, विकासखण्ड समन्वयक सुश्री पूजा केरकेट्टा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, आवास मित्र, सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

बिलाड़ी पंचायत में आदिवासी समाज को मौका तो जनपद सदस्य के लिए सावित्री नायक की दावेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा 15 जनवरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अभी तारीख तय नही हुआ है पर आरक्षण की प्रक्रिया के बाद से दावेदारों ने अपने अपने स्तर पर सम्पर्क चालू कर दिया है चौक चवराहो से लेकर होटल व किराना दुकानों में रोज नए नए समीकरण बनते और बिगड़ते देखे जा सकते है पंच से लेकर जिला पंचायत तक के आरक्षण ने कई नए समीकरण बने और बिगड़े है तिल्दा ब्लाक के 3 जिला पंचायत क्षेत्र में से 2 महिलाओं के लिए आरक्षित होने से कई दावेदार निराश हुए है तो वही महिलाओं को मौका मिलने की खुशी भी है ऐसे ही तिल्दा ब्लाक के 25 जनपद सदस्य में से 14 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित है और 11 सीट मुक्त है जिसमे से भी 1,2सीट महिलाओं के जितने की उम्मीद जताई जा रही है ऐसे में इस बार जनपद में महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या भारी होगी जनपद क्षेत्र बिलाड़ी जिसमे 4 पंचायत बिलाड़ी खपरीकला सिनोधा और ओटगण शामिल है जिसमे से 2 पंचायत मुक्त है व बिलाड़ी एस टी और सिनोधा एस सी के लिए आरक्षित है वही जनपद पंचायत सदस्य के रूप में श्री मति सावित्री मिनेष नायक ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है मिनेष नायक उपसरपंच के साथ विधायक प्रतिनिधि और समाज के युवा अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र में सक्रिय रहे है गॉव के साथ साथ बिलाड़ी ओटगण खपरीकला में लगातार जनता के बीच रहने से इनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

जिले में उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर माहौल बनाएं अधिकारी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,15 जनवरी। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में उद्योग को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने बेहतर वातावरण बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि उद्योग, राजस्व, खनिज, श्रम एवं औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। सयंत्रो में भी किसी शिकायत आदि की जाँच संयुक्त रूप से करें। शिकायत जांच के नाम पर सयंत्रो के काम में व्यवधान न हो। उन्होंने स्कूल एवं

अस्पतालों में साफ सफाई के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने कहा। विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति की लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्यालय में उपलब्ध रिक्त पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव पर सहमति लेकर प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसीप्रकार लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने रबी सीजन में किसानों को धान के आलावा अन्य फसल की खेती के लिए प्रोत्साहित करने कृषि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों के साथ बैठक करने कहा। उन्होंने कहा कि पलारी क्षेत्र में संसाधन विभाग द्वारा खेती के लिए बलार जलाशय से पानी दिया जाएगा। इस पानी का उपयोग किसानों को फसल परिवर्तन के लिए कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, पीजीएन, कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण,राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

ढाबा संचालकों को पार्किंग व्यवस्था के निर्देश दिए

बलौदाबाजार 15 जनवरी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में दिनांक 4जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत 14 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के ग्यारवें दिन सिमगा क्षेत्र अंतर्गत समस्त ढाबा संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात सिमगा द्वारा समस्त ढाबा संचालकों को हिदायत देते हुए कहा गया कि ढाबा में आने वाले वाहन चालकों के लिए, विशेषकर भारी वाहनों के लिए समुचित पार्किंग की व्यवस्था ढाबा संचालक करें।

कार्यालय कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) उत्तर बस्तर, कांकेर

कार्यालयीन दूरभाष फैक्स 07868-241126, E-mail - kankerlocalelection@gmail.com

// मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए प्रथम निविदा सूचना//

क्रमांक/कले./स्था.निर्वा./पं. निर्वा/2025/397 कांकेर, दिनांक 09/01/2025

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में वर्ष 2024-25 में होने वाले (पंचायत चुनावों) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं जिला उ.ब. कांकेर अन्तर्गत स्थानीय स्तर के फर्मों से आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रुपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 29/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन)
जी- 242505325/3 जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

राज्य में उपभोक्ताओं के लिए बिजली मितान बॉट सेवा

रायपुर 15 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किये गये सुशासन के आव्हान से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार करते हुए 'बिजली मितान बॉट' की सुविधा अपने लगभग 64 लाख उपभोक्ताओं के लिए प्रारम्भ की जा रही है। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर द्वारा समस्त उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठायें। श्री कंवर द्वारा विद्युत कर्मियों से अपील की गई है कि वे इस नई सुविधा के संबंध में उपभोक्ताओं को समुचित जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित करें।

कुछ उपभोक्ताओं को बिल प्राप्त न होने की शिकायत रहती है वे भी अब बड़ी आसानी से इस बॉट के माध्यम से बिल की पीडीएफ प्रति यहाँ से डाउनलोड कर सकते

हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी भी इस बॉट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

निकट भविष्य में इस बिजली मितान बॉट में बिजली बिल भुगतान, मोबाइल नंबर पंजीकरण, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन, टैरिफ की जानकारी, बिजली चोरी की सूचना देने की सुविधा, स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी के साथ-साथ अन्य कई प्रकार की उपभोक्ता सेवाएं इस बॉट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।सर्वप्रथम पॉवर कंपनी के व्हाट्सऐप बॉट नंबर 9425551912 को अपने कांटेक्ट लिस्ट में सेव करें। सेव करने के बाद ऊपर दिए गए नंबर पर ही लिखकर भेजे। इसके बाद आपको भाषा का चयन करना होगा। भाषा चयन के बाद आपके द्वारा जिस नंबर से चैट किया जा रहा है, उस नंबर से पंजीकृत उपभोक्ता क्रमांक प्रदर्शित होने लगेगा, जिस उपभोक्ता क्रमांक की जानकारी आपको लेनी है उसे सेलेक्ट करना होगा। इसके बाद आपको बॉट में उपलब्ध उपभोक्ता सेवाओं की लिस्ट प्रदर्शित होने लगेगी, इसके पश्चात आपके इनपुट के आधार पर बॉट उपभोक्ता सेवाओं की जानकारी आपको उपलब्ध करा दी जाएगी। ऐसे उपभोक्ता जिनका उपभोक्ता क्रमांक मोबाइल नंबर के साथ पंजीकृत नहीं है वे अपने मोबाइल नंबर का पंजीकरण मोर बिजली ऐप, कंपनी की वेबसाइट , कॉल सेंटर 1912 एवं अपने बिजली ऑफिस के माध्यम से कर सकते हैं।

रायपुर। विप्र भवन में आज बटुकों का सामूहिक जनेऊ संस्कार किया गया।

शहर के 50 जगहों पर अलाव की व्यवस्था

रायपुर, 15 जनवरी। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर में चल रही शीतलहर को देखते हुए निगम प्रशासन की ओर से शहर क्षेत्र में गोगांव बाजार सुलभ के पास, एम्स अस्पताल परिसर, टाटीबंध गुरूद्वारा गार्डन परिसर, अंतर राज्यीय बस स्टेण्ड भाठागांव, खमतराई बाजार चौक के समीप, खमतराई चौक, भनपुरी बाजार चौक के पास, होटल पैराडाइस के पास,श्रीनगर सुलभ शौचालय के सामने, यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 में वार्ड पार्षद के निवास कार्यालय के समीप सार्वजनिक स्थल, लाखेनगर चौक, स्टेशन परिसर, रेल्वे स्टेशन चौक , मेकाहारा अस्पताल परिसर, सामने मुख्य मार्ग के चौक, टाउन हाल परिसर, जयस्तम्भ चौक के समीप, खमतराई बाजार, सहित सभी 10 जोनों के वार्डों के अंतर्गत विभिन्न लगभग 50 से अधिक सार्वजनिक स्थलों, चौक - चौराहों पर आमजनों को शीतलहर से राहत देने अलाव जलाने की व्यवस्था प्रतिदिन दी जा रही है।

एक नजर

स्कूटर सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंदा,1 की मौत, दूसरा गंभीर

रायपुर 15 जनवरी। राजधानी से लगे अभनपुर में स्कूटर सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दूसरा घायल है। यह घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार कल्पतरू प्लांट के पास अज्ञात वाहन ने देर रात ई-स्कूटर ओला को टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान शुभम जांगड़े पिता संतोष जांगड़े उम्र 23 वर्ष निवासी बोरिया खुर्द के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक का नाम रुद्रा प्रताप मारकंडे पिता बद्री मारकंडे उम्र 22 वर्ष निवासी सिवनी रायपुर के रूप में हुई है।अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

अज्ञात बदमाशों ने दो कार को किया आग के हवाले

रायपुर, 15 जनवरी। राजा बाड़ा पंडरी में खड़ी दो कार को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नफीस कुरैशी राजा बाड़ी पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर के बाहर खड़ी टाटा हेरियर और वर्ना कार को आग के हवाले कर दिया। जिससे प्रार्थी को 10 लाख का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फैक्ट्री से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, 15 जनवरी। अज्ञात चोर ने भगवती पावर एंड स्टील लिमिटेड में लगे चेंज ओव्हर स्विच से कॉपर पार्टस पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम अग्रवाल 30 वर्ष धरसींवा स्थित भगवती पावर एंड स्टील लिमिटेड में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने फैक्ट्री में लगे चेंज ओव्हर स्विच से कॉपर पार्टस पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर, 15 जनवरी। वार्ड क्रमांक 15 तिल्दा में अज्ञात युवक ने युवक की नुकीली वस्तु व ईट से मारकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिव राजपूत 37 वर्ष कोटा का रहने वाला था। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने शिव को नुकीली वस्तु से मारकर हत्या कर दी और शव के पहचान छिपाने के उद्देश्य से ईट से पत्थर से चेहरा को कुचल दिया। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर, 15 जनवरी। विदेश भेजने के नाम पर फर्जी दस्तावेज देकर 7 लाख 58 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वीर सिंह 29 वर्ष वीर सावरकर नगर हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जगदीश सिंह मल्ली ने प्रार्थी को विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख 58 हजार रुपए ले लिया और फर्जी दस्तावेज पकड़ा दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को हुई तो उसने इसकी शिकायत कबीरनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हेरोइन चिट्टा के साथ अधेड़ गिरफ्तार

रायपुर, 15 जनवरी। कबीरनगर पुलिस ने टेंगना तालाब के पास दबिश देकर 10 ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ अधेड़ को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टेंगना तालाब के पास दबिश देकर आरोपी धरम सिंह 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुस्तक मास्क मैनिफेस्टो पर विचार -गोष्ठी आयोजित

रायपुर, 15 जनवरी । हिंदी साहित्य भारती, छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ. पवन विजय की पुस्तक 'मास्क मैनिफेस्टो' पर वृंदावन सभागार , रायपुर में समीक्षा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से आर. एस. विश्वकर्मा (पूर्व आई. ई. एस. व अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग)ने कहा कि यह पुस्तक मार्क्सवाद की भारतीय एवं वैश्विक संदर्भों में व्यापक चर्चा करती है। राष्ट्रीय संदर्भ में बहुत कुछ विचार करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए रायपुर निवासी, वरिष्ठ भाषाविद डॉ. चित्तरंजन कर ने पुस्तक की विषय -वस्तु पर कहा कि विचारों का अतिरेक किसी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। हमारे लिए राष्ट्र प्रमुख है। राष्ट्र के समक्ष सभी विषय गौण होते हैं ।

शिक्षा का मंदिर नए भवन में स्थानांतरित

रायपुर 14 जनवरी, छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर द्वारा एक और अनोखी पहल करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए प्री प्राइमरी स्कूल शिक्षा का मंदिर नाम से मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रारंभ किया गया है । परिषद के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किए है। सप्रे शाला परिसर बूढ़ा पारा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद मुख्य कार्यालय के भू तल में इसकी विधिवत पूजा पाठ करके शुरू किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में भी छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए बालगृह बालक माना कैम्प, बाल जीवन ज्योति बालिका गृह पुरानी बस्ती , बालिका गृह कोंडागांव के साथ स्पीच थेरेपी सेन्टर रायपुर का सफल संचालन कर रहा है। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के साथ वोकेशनल ट्रैनिंग सेन्टर भी शुरू किया जा रहा है ताकि दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार सक्षम बनाया जाए।

खारुन गंगा महाआरती में सैकड़ों लोग हुए शामिल

रायपुर 15 जनवरी। मकर संक्रांति की संध्या पर मंगलवार को राजधानी रायपुर के महादेव घाट तट पर आयोजित खारुन गंगा महाआरती में सैकड़ों लोग शामिल हुए। 11 विद्वतजन ब्राम्हणों के द्वारा जैसे ही महाआरती की शुरुआत हुई उपस्थित जनों ने भी दीप प्रज्जवलन कर इसमें हिस्सा लिया। आरती व मंत्रोचार के बीच लग रहे हर-हर गंगे,हर-हर खारून, हर-हर महादेव के जयकारे से आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा पूरे घाट पर नजर आ रहा था। आज ही माघ मास की शुरुआत हुई है इसलिए लोगों ने दीपदान भी किया। इससे पूर्व एक पात्रीय नाट्य मंचन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का कार्यक्रम भी हुआ। पश्चात धार्मिक भजन संध्या में लल्लू महाराज की भजन संध्या हुई। खारुन गंगा महाआरती के संस्थापक एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर एवं खारुन गंगा महाआरती प्रमुख आचार्य धीरज शास्त्री ने बताया कि हर माह की पूर्णिमा पर आगे यह आरती नियमित होगी। उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण भी किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव : मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 18 को

रायपुर, 15 जनवरी। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 18 जनवरी को होगा। इससे पहले 15 जनवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन इसमें संशोधन करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने नई तारीख तय कर दी है। आयोग ने बताया है कि प्रदेश में विकास खंडवार सभी पंचायतों का त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पहले में जारी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए करते हुये निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी से बढाकर 18 जनवरी शनिवार कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण 18 जनवरी को लगने की संभावना थी, लेकिन अब यह तय हो चुका है कि 18 जनवरी के बाद ही आचार संहिता लागू होगी ।

दरअसल, 18 जनवरी को पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना है । दोनों चुनाव की घोषणा एक साथ की जाएगी, लेकिन मतदान अलग-अलग कराए जाएंगे। त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव मतपत्र के जरिए ही होंगे। ईवीएम के प्रावधान विलोपित कर मतपत्र से मतदान कराने के संशोधित प्रावधान लागू किए गए थे। बताया गया है कि, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 14 के तहत निर्वाचन कराए जाने का दायित्व राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है। नियमों में परिवर्तन भी राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श से ही संभव है।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति

रायपुर 15 जनवरी। प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर 3 रायपुर में काली माता मंदिर के पीछे स्थित आस्था पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से लेकर आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन एवं वंदन के साथ छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी, बॉलीवुड एवं साउथ के गीतों की 27 विधाओं में मनमोहन प्रस्तुति दी, इसके साथ विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यो की शानदार प्रस्तुति देकर पालकों एवं आगंतुकों का दिल मोह लिया। कार्यक्रम में ,,राम सिया राम,, आई गिरी,, नंदिनी,, शिव तांडव ,,देश के जवानों की देशभक्ति वाले गीतों की प्रस्तुति से तालिया की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ी नाटक रहा , जिसमें साक्षरता और सफाई की आवश्यकता तथा अंधविश्वास को दूर करने का मंचन किया गया । अंत में पुलवामा हमले में हुए शहीद वीर जवानों का नाटक प्रस्तुत करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

स्कूल की प्राचार्या कुमारी सौम्या पटेल ने पालकों एवं आगंतुकों को अपने उद्बोधन में जानकारी दिया कि 2022 के कोरोना काल में हमारी संस्था ने केवल 75 स्टूडेंट से अध्ययन,

अध्यापन कार्य ,,आस्था,, के साथ प्रारंभ किया , वह 2023 में 175 स्टूडेंट से वृद्धि करते हुए आज की स्थिति में 300 स्टूडेंट का लक्ष्य प्राप्त कर चुका है । यह सब यहां के स्कूल प्रबंधन एवं पालकों के सहयोग से पूरा हो रहा है। यहां न केवल बच्चों को शिक्षा दी जाती है बल्कि उनके शारीरिक, बौद्धिक एवं समग्र विकास को ध्यान में रखकर समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिता, योग, कंप्यूटर की शिक्षा एवं मनोरंजन के लिए आनंद मेले का आयोजन किया जाता है । हमारी संस्था शिक्षा में लगातार प्रगति के पथ पर चलते हुए कक्षा नवी से 12वीं तक उन्नयन करने जा रहा है। जिसमें शासन के नियमानुसार संबंधित विषयों के लिए प्रयोगशाला, पुस्तकालय का भी प्रबंध किया जाने वाला है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमारी समस्त शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

बंजारे बनाए गए पर्यवेक्षक

रायपुर 15 जनवरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश कांग्रेस् संगठन प्रभारी मलकीत सिंह गेन्दू ने नगरीय निकाय चुनाव में खरोरा नगर पंचायत परिषद के लिए राजेन्द्र पप्पू बंजारे पूर्व जनपद अध्यक्ष धरसींवा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व जनपद सदस्य जयंत साहू ने राजेंद्र पप्पू बंजारे को खरोरा नगर पंचायत के पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर राजेंद्र बंजारे को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

मरीज ने की भागने की कोशिश

रायपुर। राजधानी के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में एक मरीज ने खिड़की का कांच तोड़कर छलांग लगाने की कोशिश की, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मरीज काफी देर तक खिड़की तोड़ने का प्रयास करता रहा, लेकिन समय रहते अस्पताल के कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

राडा का ऑटो एक्सपो 15 फरवरी तक

रायपुर 15 जनवरी। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा इस वर्ष आज से 15 फरवरी तक सांइस कालेज मैदान में ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया है। राडा का यह 8 वां ऑटो एक्सपो है। किसी रीजनल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित किये जाने वाला यह एक्सपो अब पूरे भारत का सबसे बड़ा ऑटो एक्सपो बन चुका है। बड़ी बात ये है कि एक माह की अवधि के लिए यह इवेंट होना भी अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक्सपो अवधि के दौरान सभी प्रकार के वाहनों पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट पहले से दे रखी है और इस बार भी यह यथावत है। सरकार के इस सहयोग से ऑटोमोबाइल डीलरों में काफी उत्साह है। एक्सपो का उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित कर रहे हैं। पिछले एक्सपो में 10 हजार व्हीकल्स बिके थे इस बार 20 हजार व्हीकल्स बिक्री की उम्मीद है।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने पत्रकारवार्ता में बताया कि सबसे पहले तो हम छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद करते हैं कि उन्होने ऑटो एक्सपो के दौरान पूरे एक माह सभी प्रकार के वाहनों पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की है। राडा ने पूरे प्रदेश के आटोमोबाइल्स डीलर को एक्सपो में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है और वे शामिल हो भी रहे हैं जिससे इस छूट का लाभ प्रदेश भर के कस्टमर को मिलेगा।

अब यदि इस छूट से फायदे की बात करें तो व्हीकल की कीमत पर फोर व्हीलर में लगभग 5 फीसदी, टू व्हीलर में 4 फीसदी और कमर्शियल में 5 फीसदी तक लाभ कस्टमर को मिलता है। जो एक बड़ी बचत होती है। इससे डीलर्स को जहां व्हीकल की अच्छी बिक्री मिल जाती है, सरकार को राजस्व और कस्टमर को बचत। पिछले आटो एक्सपो में 10 हजार व्हीकल्स बिके थे तब सरकार को रोड टैक्स के माध्यम से 300 फीसदी का फायदा हुआ था वहीं जीएसटी में 500 फीसदी का ग्रोथ मिला था। इस साल उम्मीद हैं कि 20 हजार व्हीकल्स की बिक्री होगी तब सरकार को भी अधिक फायदा होगा और जीएसटी भी अधिक मिलेगा। डीलर्स व कस्टमर दोनों के लिए लाभकारी होगा।

दिनेश मिश्र का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में

रायपुर 15 जनवरी। विगत 33 वर्षों से हर वर्ष दीपावली एवं होली त्यौहारों के समय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन अपने नयापारा, फूल चौक, रायपुर स्थित अस्पताल में लगातार करने को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अपने आप में अद्वितीय जनसेवा का कार्य मानते हुए इस कार्य के लिए प्रसिद्ध वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस रिकॉर्ड के लिए डॉ. दिनेश मिश्र को संस्था द्वारा जारी पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की छत्तीसगढ़ हेड श्रीमती सोनल राजेश शर्मा तथा विधानसभा अध्यक्ष के सचिव श्री विक्रम सिसोदिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि डॉ. दिनेश मिश्र द्वारा काफी लंबे समय से समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों के अलावा अंधविश्वास उन्मूलन और टोनही प्रताड़ित महिलाओं के पुनर्वास के लिए

उनके द्वारा बहुत सराहनीय कार्य किए गए हैं। संस्था की छत्तीसगढ़ प्रमुख श्रीमती शर्मा ने कहा कि डॉ. दिनेश मिश्र ने पिछले 33 वर्षों में हर वर्ष दीपावली व होली में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए। यह 66 शिविर एक तरह से बहुत ही आवश्यकता और आपातकालीन परिस्थितियों में किए गए जब बड़े-बड़े त्यौहारों के कारण चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं होती है। ऐसी स्थिति में मरीज और उनके रिश्तेदार दुर्घटनाग्रस्त हालत में भटकते हैं। डॉ. मिश्र ने अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से विश्वसनीय मदद प्रदान करते हुए मानवता की बड़ी सेवा की है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉ. दिनेश मिश्र को पदक, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1991 में यह सेवा शुरू की थी। उन्होंने देखा था कि त्यौहारों की खुशियों को गम में बदलने से बहुत ही निराशा का माहौल बनता है। ऐसे में शहर के बीच ऐसे निःशुल्क शिविर लगाने की जरूरत थी जहां आपात स्थिति के नाम पर बेहद जरूरतमंद और आपात स्थिति में पहुंचे मरीजों के साथ किसी भी तरह की उपेक्षा या धोखाधड़ी न हो। निःशुल्क शिविर करने से मरीजों को इस बात का भी विश्वास हुआ कि दुर्घटना के नाम से उनसे किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इन शिविरों की चर्चा प्रदेश के दूर-दूर के जिलों और गांवों में पहुंची और लोग लंबी-लंबी दूरी तय कर राहत के लिए पहुंचने लगे। दिवाली में पटाखें हो या होली में रंग के कारण दुर्घटनाएं, दोनों परिस्थितियों में मरीजों के नेत्रहीन होने का खतरा रहता है इसलिए उन्हें तुरंत उपचार देना जरूरी होता है। डॉ. मिश्र द्वारा इन शिविरों के लिए कभी भी, किसी व्यक्ति या संस्था से कोई भी आर्थिक मदद नहीं ली गई। जिसमें निशुल्क, परीक्षण, उपचार, दवाईयां, यहां तक ऑपरेशन भी किया गया है। 4 हजार से अधिक घायल मरीजों का इलाज हुआ है। अपने सेवा कार्यों के लिए डॉ. मिश्र को प्रदेश शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण रविशंकर शुक्ल सम्मान 2006, एवं राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अवॉर्ड 2008, महिला आयोग 2007 द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें रेड एंड व्हाइट ब्रेवरी गोल्ड अवॉर्ड भी प्राप्त हो चुका है।

कलेक्टर ने देर से पहुंचने वाले कर्मचारियों की ली क्लास



रायपुर 15 जनवरी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पेंशनबाड़ा स्थित डीईओ ऑफिस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लेट से आने वाले कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप भी उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26